

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 01 मार्च 2026 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-329 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 02 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत

## अमेरिकी-इजराइली एयर स्ट्राइक में बेटी, दामाद, पोती और बहू भी मारे गए

**तेल अवीव,1 मार्च।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। अमेरिकी-इजराइली एयर स्ट्राइक में अली खामेनेई की मौत हो गई। हमले में खामेनेई की बेटी, दामाद, पोती और बहू भी मारे गए हैं। ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिनों की सार्वजनिक छुट्टियों की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि करते हुए कहा, "खामेनेई यूएस इंटेलिजेंस से नहीं बच पाए। खामेनेई की मौत ईरान के लिए एक अपूरणीय क्षति है। साथ ही करोड़ों शिया मुसलमानों के लिए झटका भी। अली खामेनेई शिया मुस्लिमों के सबसे बड़े धार्मिक नेता थे। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई 37 साल से ज्यादा समय तक ईरान के सर्वोच्च नेता रहे और अपनी आखिरी सांस तक अमेरिका और इजराइल से लड़ते रहे।

अली खामेनेई ने 1989 में अयातुल्ला रूहोल्लाह खोमैनी की मौत के बाद इस्लामिक रिपब्लिक की कमान संभाली थी। अयातुल्ला खोमैनी एक करिश्माई नेता थे, जिन्होंने एक दशक पहले इस्लामिक क्रांति को लीड किया था। खोमैनी उस क्रांति के पीछे की आइडियोलॉजिकल ताकत थे जिसने पहलवी राजशाही का राज खत्म किया, लेकिन खामेनेई ने ही मिलिट्री और पैरामिलिट्री सिस्टम को बनाया जो ईरान को उसके दुश्मनों से बचाता है और उसे उसकी सीमाओं के बाहर भी उसकी सुरक्षा करता है। अली खामेनेई आज ईरान ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के शिया मुसलमानों के नेता माने जाते थे। वहीं हाल ही में फिलिस्तीन को लेकर उनके स्टांस के बाद सुन्नी मुसलमानों में भी उनकी लोकप्रियता खासा बढ़ गई थी।

**मशहद से तेहरान के तख्त तक**-अली खामेनेई का जन्म 19 अप्रैल 1939 को ईरान के मशहद में हुआ था। यह खोरासान प्रांत का एक बड़ा शिया मान्यताओं वाला शहर है, जहां इमाम रज़ा की दरगाह है. खामेनेई का जन्म अज़री नस्ल के एक धार्मिक मौलवी परिवार में हुआ था, उनके पिता, जावेद खामेनेई, एक आलिम (स्कॉलर) और मुजतहिद थे जो असल में नजफ़ इराक के रहने वाले थे। उन्होंने शुरुआती कुरानी शिक्षा से मशहद से ली और फिर क़ोम में एडवांस्ड इस्लामिक स्टडीज कीं, जहां उन्होंने अयातुल्ला रूहोल्लाह खोमैनी जैसे खास लोगों से पढ़ाई की। जिनके क्रांतिकारी विचारों ने उन पर बहुत असर डाला। 1960 के दशक से शाह के खिलाफ प्रदर्शनों में एक्टिव खामेनेई को कई बार जेल जाना पड़ा।

### अबू धाबी और दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट बंद


नई दिल्ली : ईरान के मिसाइली हमलों के बाद दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट एवं अल मकतूम इंटरनेशनल को बंद कर दिया। दुनियाभर के अधिकांश देशों की एयरलाइनों ने पश्चिमी एशिया में अपनी उड़ानें रद कर दीं। उड़ान मानचित्रों में दिखाया गया कि ईरान, इराक, कुवैत, इजरायल और बहरीन के ऊपर का एयरस्पेस हमलों के बाद लगभग खाली हो गया। इस बीच इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियों में दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हजारों यात्री फंसे हुए दिख रहे हैं और अव्यवस्था का आलम नजर आया। दुबई एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और एहतियातन यह कदम उठाया गया है।

### दूतावास के बाहर उपद्रव मचा रहे थे पाकिस्तानी, अमेरिकी सैनिकों ने 8 को मार गिराया

प्रदर्शनकारियों द्वारा कथित तौर पर पथराव किए जाने के बाद पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। स्थिति तब और बिगड़ गई जब भीड़ ने प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने की कोशिश की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की हत्या के विरोध में पाकिस्तान का औद्योगिक शहर कराची रविवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई हिंसक झड़प में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 30 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह हिंसा उस समय भड़की जब प्रदर्शनकारियों ने दूतावास की सुरक्षा घेराबंदी को तोड़ने का प्रयास किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विभिन्न शिया समूहों द्वारा आयोजित इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत सुल्तानबाद से हुई थी।



### खामेनेई की मौत पर उमर अब्दुल्ला दुखी



श्रीनगर,1 मार्च। ईरान पर अमेरिका इजरायल के साझा अटैक के बाद भारत से भी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई की मौत पर अपनी चिंता जाहिर की है। अब्दुल्ला ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि ईरान में घट रही घटनाओं, जिनमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या भी शामिल है, को लेकर मैं अत्यंत चिंतित हूँ। मैं सभी समुदायों से शांति बनाए रखने, शांति का समर्थन करने और तनाव या अशांति पैदा करने वाले किसी भी कार्य से बचने की अपील करता हूँ। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जम्मू और कश्मीर में शोक मना रहे लोगों को शांतिपूर्वक शोक मनाने की अनुमति दी जाए।

### ईरान में ऐसे होता है सर्वोच्च नेता का चयन

तेहरान,1 मार्च। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ने देश के भविष्य को लेकर बेहद महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, मौलवियों की एक समिति को उनके स्थान पर नए नेता के चयन का काम सौंपा गया है। हालांकि, अब तक साफ नहीं हो सका है कि ईरान के सुप्रीम लीडर का चुनाव कब तक किया जाएगा। फिलहाल, इस पद के लिए खामेनेई के बेटे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। आधिकारिक तौर पर इसका ऐलान नहीं किया गया है।

ईरान के संविधान के तहत 88 सदस्यीय समिति 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' (विशेषज्ञों की सभा) नए सर्वोच्च नेता का चयन करेगी। इस निकाय में केवल शिया धर्मगुरु शामिल होते हैं, जिन्हें हर आठ वर्ष में जनमत के आधार पर चुना जाता है। कानून के अनुसार, 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' को जल्द से जल्द नए सर्वोच्च नेता का चयन करना होगा। यदि चयन में देरी होता है तो एक नेतृत्व परिषद कार्यभार संभाल सकती है, जिसमें राष्ट्रपति, न्यायपालिका प्रमुख और 'गार्जियन काउंसिल' का एक वरिष्ठ सदस्य शामिल होता है।

### ईरान-इराक में छाती पीट-पीटकर रो रहें लोग

ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत के बाद ईरान और इराक में कोहराम मच गया है। कर्बला में चीख-पुकार मच गई है। सड़कों-मस्जिदों में लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा है। लोग छाती पीट-पीटकर अली खामेनेई की मौत का मातम मना रहे हैं। वहीं अली खामेनेई की मौत की खबर पढ़ते हुए एंकर भी रोने लगा। ईरानी मीडिया की ओर से जारी की गई तस्वीरें में देखा जा सकता है कि ईरान के अलग-अलग शहरों में लोग सड़कों पर आकर रो रहे हैं, मातम कर रहे हैं और अमेरिका इजराइल के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इराक की राजधानी बगदाद में भी लोग अयातुल्ला खामेनेई की शहादत पर शोक मनाने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं।

अमेरिका-इजरायल हमले में अयातुल्ला खामेनेई की मौत की खबर देते हुए एक टीवी एंकर फफक-फफक कर रोने लगा। खबर पढ़ते समय एक न्यूज एंकर भावनाओं पर काबू नहीं रख सका और लाइव प्रसारण के दौरान ही फूट-फूटकर रोने लगा।

## इजरायल में घुसा ईरान का विमान तेल अवीव में भयंकर तबाही

**तेहरान,1 मार्च।** ईरान ने इजरायल पर जोरदार हमला किया है। तेल अवीव पर मिसाइलें दागी है। आईडीएफ के हेड क्वार्टर को हिट किया है। ईरान ने 27 ठिकानों को टारगेट किया है इजराइल के जिसमें आईडीएफ का हेड क्वार्टर भी शामिल है। यानी कि बैलेस्टिक मिसाइलों का जखीरा ईरान बिल्कुल खोल चुका है। और खासतौर पर आईडीएफ आईडीएफ को इजराइल डिफेंस फोर्स को उसके हेड क्वार्टर को उसने टारगेट किया था। आईआरजीसी के हेड क्वार्टर को इजराइल ने हिट किया था और यह उसका बड़ा बदला है। राजधानी तेल अवीव में भी कई ठिकानों को टारगेट किया गया। 27 ऐसी जगह हैं ईरान की तरफ से जो टारगेट की गई है इजराइल में और इसमें सबसे इंपॉर्टेंट बदला लेने की भावना से आईडीएफ का हेड क्वार्टर जो है वो टारगेट किया गया है। मामला सिर्फ और सिर्फ बैलेस्टिक मिसाइलों तक ही नहीं रहा है। अब एयरक्राफ्ट भी ईरान झोंक चुका है। अगर इजराइल की वायु सीमा के अंदर ईरान का विमान घुस रहा है। इसका मतलब ईरान अब चाहता है कि अब इस हमले को और ज्यादा तेज़ किया जाए इजराइल पर। सबसे बड़ा पहलू यह है कि इजराइल पर ईरान के हमले लगातार दिख रहे हैं। कल काउंटर एक्शन दिखा। रात भर मिसाइलों को फायर किया गया और अब सबसे बड़ा अपडेट ये है कि ईरान का एक विमान जो है वो इजराइली एक्सप्रेस में है।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ने देश के भविष्य को लेकर बेहद महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, मौलवियों की एक समिति को उनके स्थान पर नए नेता के चयन का काम सौंपा गया है। ईरान के संविधान के तहत 88 सदस्यीय समिति 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' (विशेषज्ञों की सभा) नये सर्वोच्च नेता का चयन करेगी। इस निकाय में केवल शिया धर्मगुरु शामिल होते हैं, जिन्हें हर आठ वर्ष में जनमत के आधार पर चुना जाता है। कानून के अनुसार, 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' को जल्द से जल्द नये सर्वोच्च नेता का चयन करना होगा।



## 48 फ्लैट वाले अपार्टमेंट में आग

**बिलासपुर,1 मार्च।** मंगला क्षेत्र स्थित गजमोहिनी अपार्टमेंट के निचले हिस्से में रविवार सुबह करीब 5 बजे भीषण आग लग गई। आग लगते ही पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक, अपार्टमेंट में कुल 48 फ्लैट हैं। हालांकि, कितने परिवार रह रहे हैं इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि रिहायशी अपार्टमेंट का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान का बड़ा गोदाम संचालित था। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि रिहायशी अपार्टमेंट में गोदाम चलाना नियम विरुद्ध है। संचालकों से दस्तावेज मांगे जाएंगे, नियम उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कमिश्नर ने शहर के सभी अपार्टमेंट का सर्वे कराने की बात कही, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

## माओवादी नेता सुदर्शन समेत 15 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**सुकमा,1 मार्च।** जिले में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है। यहां कुल 15 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें ओडिशा स्टेट कमेटी का सदस्य सुदर्शन भी शामिल है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ये सभी नक्सली सरायपाली क्षेत्र के बलौदा जंगल इलाके में सक्रिय थे और लंबे समय से नक्सली संगठन के लिए काम कर रहे थे। लगातार चल रहे ऑपरेशन और आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर इन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़ने का फैसला लिया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने हथियारों का भी जखीरा सौंपा है। जानकारी के मुताबिक कुल 14 ऑटोमैटिक और देशी हथियार सुरक्षाबलों को दिए गए, जिनमें रायफल और अन्य घातक हथियार शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि ये नक्सली कई घटनाओं में शामिल रहे थे और सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बने हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सभी लाभ दिए जाएंगे, ताकि वे मुख्यधारा में लौटकर सामान्य जीवन जी सकें।

## मंत्री के एस्कॉर्ट वाहन ने स्कूटी सवार को रौंदा

**रायपुर,1 मार्च।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के पायलटिंग वाहन में शामिल होने जा रहे स्कॉर्पियो वाहन ने स्कूटी सवार एक युवक को जोरदार ठोकर मार दिया, जिससे युवक को गंभीर चोटें आई हैं और युवक को गंभीरावस्था में अंबिकापुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मंत्री के काफिले में शामिल होने जा रहे वाहन क्रमांक सीजी-16-सीपी-3805 एस्कॉर्ट वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए स्कूटी सवार केनापारा निवासी विजय गुप्ता को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जबरदस्त था की स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पायलिटिंग वाहन का चालक टक्कर मारकर घायल विजय गुप्ता को वही तड़पता छोड़ भाग गया। वहां पर मौजूद लोगों ने किसी तरह दूसरे वाहन से गंभीर रूप से घायल विजय गुप्ता को अंबिकापुर अस्पताल उपचार के लिए रवाना किया। वहीं दुर्घटना के बाद एनएच पर लम्बा जाम लग गया। बताया जा रहा है की पायलेटिंग वाहन में तीन गनमैन पुलिस भी सवार थे। जिन्हें स्कॉर्पियों वाहन का चालक वहीं उतार कर भाग खड़ा हुआ। एक्सीडेंट में घायल विजय गुप्ता को गंभीर चोट लगने और पुलिस के जवान स्कॉर्पियो वाहन चालक के मौके से भाग जाना इंसानियत को शमर्सार करने वाली घटना है। विजय गुप्ता के एक्सीडेंट के बाद उनके परिवार में चीख पुकार मच गई। घटना की पूरी वारदात पास ही घायल को अंबिकापुर अस्पताल उपचार के लिए रवाना किया, दुर्घटना के बाद एनएच पर लम्बा जाम लग गया। एक्सीडेंट के बाद आनन-फानन में विजय गुप्ता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वे जीवन और मौत के बीच झूल रहे है। घटना की जानकारी लगते ही जयनगर थाना प्रभारी रुपेश कुंतल एक्का मौके पर दलबल के साथ पहुंचे और स्थिति को सामान्य किया।

## पाकिस्तानी ड्रोन ने पार की एलओसी इंडियन आर्मी ने मार गिराया

**नई दिल्ली,1 मार्च।** एक तरफ जहाँ पूरी दुनिया की नजरें मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच छिड़े भीषण युद्ध पर टिकी हैं, वहीं इस वैश्विक उथल-पुथल का फायदा उठाने की फिराक में पड़ोसी देश पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। आज सुबह जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी ड्रोन ने भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया, जिसे भारतीय सेना के सतर्क जवानों ने अपनी कार्रवाई से खदेड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में लाइन ऑफ़ कंट्रोल पार करके भारतीय सीमा में घुसे एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने के लिए आर्मी के जवानों ने फायरिंग की। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन दिगवार इलाके में थोड़ी देर मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लौट गया। अधिकारियों ने बताया कि एक फॉरवर्ड पोस्ट पर तैनात सैनिकों ने सुबह करीब 6.10 बजे दुश्मन के ड्रोन को देखा और उसे गिराने के लिए एक दर्जन से ज़्यादा राउंड फायरिंग की।

## अदालतों में शौचालय की स्थिति खराब हाईकोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका

**बिलासपुर,1 मार्च।** प्रदेश के 23 जिलों की अदालतों में शौचालय और पानी की बदहाली को लेकर जनहित याचिका लगाई गई थी। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित होने के कारण याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि इसी विषय पर सुप्रीम कोर्ट में पहले से ही कार्यवाही चल रही है। समान मामले में दो जगह सुनवाई उचित नहीं है। छत्तीसगढ़ और दिल्ली में वकालत करने वाले अधिवक्ता प्रवीण वारे ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका लगाई थी, कहा कि राज्य के सभी 23 जिला न्यायालयों और उनके अधीनस्थ अदालतों में शौचालयों और पीने के पानी की स्थिति खराब है। यह भी कहा कि रायपुर जिला न्यायालय सहित अन्य अदालतों में दिव्यांगों, महिलाओं और विशेषकर ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अलग और स्वच्छ शौचालयों की कमी है। रायपुर कोर्ट में साफ-सफाई के संबंध में सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी में यह सामने आया कि वहां रखरखाव और निरीक्षण का कोई भी रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से उपलब्ध नहीं है। याचिका में मांग की गई थी कि कोर्ट परिसरों में पानी की गुणवत्ता की जांच हो, बायो-टॉयलेट और सैनिटरी पैड डिस्पेंसर जैसी सुविधाएं दी जाएं। इसके अलावा एक प्रभावी शिकायत निवारण सिस्टम बनाया जाए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट राजीब कलिता विरुद्ध भारत सरकार मामले में पहले ही देशभर की अदालतों के लिए कड़े निर्देश जारी कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने हर हाई कोर्ट में एक विशेष समिति बनाने का आदेश दिया है, जिसमें जज और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। समिति बुनियादी सुविधाओं की निगरानी करेगी।

## नागपुर में डेटोनेटर बनाने वाली कंपनी में धमाका, 17 की मौत; 18 घायल

**नागपुर,1 मार्च।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के काटोल इलाके के पास रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। राउलगांव स्थित 'एसबीएल एनर्जी लिमिटेड' नामक विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में हुए एक शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह कंपनी खनन और औद्योगिक कार्यों के लिए डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक तैयार करती है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा सुबह 6:00 से 7:00 बजे के बीच हुआ। उस समय फैक्ट्री में सुबह की शिफ्ट के कर्मचारी अपना काम शुरू कर चुके थे। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब डेटोनेटर बनाने की प्रक्रिया



चल रही थी तभी अचानक एक जोरदार विस्फोट हुआ। नागपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने हताहतों की संख्या की पुष्टि करते हुए बताया कि घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत चिंताजनक बनी हुई है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि उसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। फैक्ट्री के उस हिस्से की छत और दीवारें ढह गईं जहां धमाका हुआ था। आसमान में धुएं का गुबार साफ देखा जा सकता था। बताया जा रहा है कि धमाके के समय संबंधित यूनिट में 25 से 30 श्रमिक मौजूद थे। मलबे और आग के कारण अभी भी कुछ कर्मियों के अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, दमकल विभाग की कई गाड़ियां और एम्बुलेंस मौके पर पहुँच गईं। पुलिस और प्रशासन की टीमें मलबे से लोगों को निकालने और आग पर काबू पाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही हैं। मलबे के नीचे दबे लोगों को बचाने के लिए विशेष उपकरणों की मदद ली जा रही है।

## सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ कोबरा बटालियन का एक जवान घायल

**चाईबासा,1 मार्च।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा में माओवादियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों ने अभियान तेज कर दिया है। सारंडा जंगल के मरंगपोंगा इलाके में रविवार को पुलिस और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। इस दौरान सुरक्षाबल का एक और जवान गोली लगने से घायल हो गया है।उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे एयरलिफ्ट कर रांची भेजने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबल रविवार सुबह सर्च ऑपरेशन चला रहे थे, तभी आईईडी ब्लास्ट हुआ, जिसमें सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट घायल हो गए। उन्हें तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। विस्फोट के बाद माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभालते हुए ताबड़तोड़ गोलीबारी की। दोनों ओर से लगातार हो रही गोलीबारी की आवाजें आसपास के ग्रामीण इलाकों तक सुनाई दे रही हैं। जानकारी मिल रही है कि सुरक्षाबलों ने एक बड़े माओवादी दस्ते को घेर लिया है और मुठभेड़ में कई माओवादियों के घायल होने की खबर है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। शनिवार को ही जिले के एसपी अमित रेनू ने मनोहरपुर में माओवादियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी थी। फिलहाल इलाके में सघन अभियान जारी है और अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। ब्लास्ट के कुछ ही देर बाद कोबरा 209 बटालियन, सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने कोलभंगा जंगल में माओवादियों को घेर लिया। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेनू ने घटना की पुष्टि की है। जराइकेला थाना क्षेत्र के कोलभंगा जंगल में शुरू हुई मुठभेड़ अब निर्णायक मोड़ पर है। सूत्रों के अनुसार माओवादियों का एक दस्ता कई दिनों से गुवा, छोटानागरा और जराइकेला थाना क्षेत्रों के जंगलों में लगातार स्थान बदल-बदल कर छिपा हुआ था।

# मुख्यमंत्री ने किसानों के खाते में अंतरित की आदान सहायता राशि, होली के पहले किसानों को मिली खुशियों की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा,1 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने होली पर्व से पहले किसानों को बड़ी सौगात देते हुए बिल्हा विकासखंड के ग्राम रहंगी खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रदेश के किसानों को आदान सहायता राशि उनके खाते में अंतरित की। इसके अंतर्गत कबीरधाम जिले के 1 लाख 17 हजार 344 किसानों के खाते में कुल 461.82 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर कवर्धा जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में कृषक उन्नति योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे और किसानों से संवाद किया। कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य डॉ बीरेन्द्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री घुरवाराम साहू, सीताराम चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री नरेंद्र मानिकपुरी, श्री भुनेश्वर चंद्राकर उप संचालक कृषि श्री अमित मोहंती सहित बड़ी संख्या में किसान और अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन किसानों के सम्मान और स्वाभिमान का दिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 प्रति क्विंटल धान की कीमत का वादा आज धरातल पर उतर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने वादा किया था कि किसान भाई होली का त्योहार धूमधाम से मना सकें, इसलिए त्योहार से पहले यह राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष न तो बारदाने की कमी हुई और न ही भुगतान में देरी और सुगमता से सभी किसानों का धान खरीदा गया है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल ने कहा कि राज्य सरकार चुनाव से पहले जो वादे किए थे, उन्हें पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है और धान की अंतर राशि का भुगतान होली त्योहार से पहले एकमुश्त किया जा रहा है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिली है और त्योहार से पहले उनके घरों में खुशियों का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान कर रही है। किसानों द्वारा दिन-रात की गई मेहनत का पैसा सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिल रही है। श्री पटेल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। धान खरीदी और अंतर राशि के समय पर भुगतान से किसानों का भरोसा मजबूत हुआ है।

# विधायक ने होली हुड़दंगियों की सूचना देने पर की 21 हजार के इनाम की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 मार्च।** वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन ने होली पर्व पर हुड़दंग और असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने हुड़दंग मुक्त वैशाली नगर अभियान के तहत घोषणा की है कि त्योहार के दौरान ट्रिपल राइडिंग, अर्धनग्न होकर घूमना, हथियार लहराना, अश्लीलता या मारपीट जैसी घटनाओं की फोटो-वीडियो सहित सूचना देने वाले को 21 हजार रु का पुरस्कार दिया जाएगा 7 विधायक ने कहा कि वे स्वयं होली के दिन एक्टिव मोड में रहेंगे और पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से शांति, मर्यादा और भाईचारे के साथ होली मनाने तथा महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की है।

## एक नजर

### 30 पौवा शराब सहित दंपत्ति गिरफ्तार



**भिलाई, 1 मार्च (तछसं.)।** भिलाई अवैध रुप से शराब बेचने वाले एक दंपति को सुपेला थाने पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा उनके कब्जे से कुल 30 पौवा देशी एवं विदेशी शराब जब्त किया है पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि होली के दौरान अवैध मदिरा बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सुपेला क्षेत्र में मुखबीर सूचना मिली कि कृष्णा नगर डमरू मोहल्ला में अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही है सूचना पर पुलिस टीम त्वरित घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी गई, जहां आरोपी दीनानाथ चौहान एवं श्रीमती मुखिया देवी को अवैध शराब बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है ।

### हथियार सहित युवक पकड़ा गया

**भिलाई, 1 मार्च (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर में धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराते, धमकाते आकाश चौहान उर्फ झटका ( 30 साल ) को पुलिस ने पकड़ा आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार जब्त किया गया उसके विरुद्ध धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई की गई स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



### हादसे में बाइक सवार की मौत

**भिलाई, 1 मार्च (तछसं.)।** भिलाई अंजोरा चौकी क्षेत्र के ट्रक चालक की लापरवाही के कारण बाइक सवार की हादसे में मौत हो गई घटना रसमड़ा क्षेत्र का है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि ग्राम सलोनी निवासी ऐमंत साहू अपने दोस्त के साथ बाइक सीजी 07 जेडआर 3592 से रसमड़ा स्थित ए.एस. ग्लोबल फेब्रिकेशन कंपनी में काम पर जा रहा था इस दौरान बाइक को ऐमंत चला रहा था उसका दोस्त बाइक के पीछे बैठा था दोनों रोज बाइक से काम करने जाया करते थे बाइक सवार रायपुर स्टील ।



# कुर्की कर निगम ने 1.28 करोड़ से अधिक की वसूली की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 मार्च।** नगर पालिक निगम द्वारा राजस्व करों की वसूली के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं तथा भुगतान नहीं करने वाले करदाताओं के खिलाफ कुर्की वारंट जारी कर संपत्ति सीलिंग, जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि संपत्ति कर, समेकित कर एवं जलकर सहित विभिन्न मदों से अब तक 8430.20 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। कुर्की की कार्रवाई के माध्यम से 287 बकायेदारों से कुल 1,28,27,234 रुपये की वसूली की गई है। जोन-1 से 131 प्रकरणों में 52,53,148 रुपये, जोन-2 से 43 प्रकरणों में 21,24,451 रुपये, जोन-3 से 36 प्रकरणों में 21,96,341 रुपये, जोन-4 से 58 प्रकरणों में 26,35,299 रुपये तथा जोन-5 से 19 प्रकरणों में 6,17,995 रुपये वसूल किए गए हैं। निगम द्वारा सभी जोन क्षेत्रों में मुनादी एवं शिविर आयोजित कर वसूली अभियान लगातार जारी है। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च से पूर्व अपने बकाया करों का भुगतान कर 18 प्रतिशत अधिभार एवं अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई से बचें तथा शहर के विकास में सहयोग प्रदान करें।

# होली में दिवाली की सौगात, किसानों की हितैषी है भाजपा सरकार : बंछोर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 1 मार्च।** भाजपा किसान मोर्चा के रायपुर संभाग प्रभारी एवं दो बार के पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने कहा है कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार किसानों के हित में लगातार निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार अपने सभी वादों को समय सीमा में पूरा कर रही है। चाहे बोनस की बात हो, महतारी वंदन योजना हो या आवास योजना–हर मोर्चे पर सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बंछोर ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन योजना के तहत गरीबों के बैंक खाते खुलवाने का अभियान चलाया था, तब विपक्ष इसका मजाक उड़ाता था। आज उन्हीं खातों में योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों को ट्रांसफर हो रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका लगभग समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद और विश्वास का संबंध केवल भारतीय जनता पार्टी ने स्थापित किया है। अंत में बंछोर ने सुशासन और किसान हित में लिए जा रहे निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

# टाउनशिप में सुव्यवस्था के लिए प्रवर्तन अनुभाग का व्यापक अभियान



**भिलाई, 1 मार्च।** प्रवर्तन अनुभाग द्वारा टाउनशिप क्षेत्र में अवैध कब्जों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान 60 आवासों को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराया गया, जिनमें 5 आवास ऐसे थे जिन पर संपदा न्यायालय द्वारा डिक्री जारी की जा चुकी थी। कार्रवाई में लगभग 15,000 वर्ग फीट भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्य बनाए रखने अनधिकृत रूप से लगाए गए करीब 800 पोस्टर एवं 15 होर्डिंग संरचनाएं हटाई गईं। यातायात सुगमता को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्गों एवं चौक-चौराहों से अवैध ठेले, कैनोपी और दुकानें हटाई गईं तथा संवेदनशील क्षेत्रों में प्राइम टाइम के दौरान विशेष निगरानी रखी गई। मुख्य मार्गों से 11 आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठान भेजा गया। प्रवर्तन अनुभाग ने मैत्री बाग फ्लावर शो एवं टाउनशिप में आयोजित हाफ मैराथन के दौरान यातायात एवं भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी भी सफलतापूर्वक निभाई। सिविक सेंटर क्षेत्र में लंबित विद्युत बिलों के मामलों में दुकानों के बिजली कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई भी की गई।

# महिला समाज ने वर्कर्स संग साझा की होली की खुशियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 मार्च।** भिलाई महिला समाज द्वारा होली के पावन अवसर पर समाज की विभिन्न इकाइयों–दस्ताना, पेट्रोल पंप, मसाला, स्टेशनरी एवं साबुन इकाई में कार्यरत वर्कर्स के बीच स्वीट मनी का वितरण कर त्योहार की खुशियां साझा की गईं। इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और उत्सव की भावना को प्रत्येक कार्यस्थल तक पहुंचाना रहा। सेक्टर-6 स्थित दस्ताना इकाई एवं सेक्टर-1 स्थित मसाला इकाई में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्षा श्रीमती छवि निगम एवं उपाध्यक्ष श्रीमती पूनम कुमार ने कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की प्रगति में कर्मियों की निष्ठा, अनुशासन और परिश्रम की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम में महासचिव श्रीमती सोनाली रथ, सह सचिव श्रीमती चैती पाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती रीता तिवारी सहित वर्किंग कमेटी की सदस्याएं उपस्थित रहीं। कर्मचारियों ने महिला समाज की इस आत्मीय पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और संगठन व कर्मचारियों के बीच सौहार्द को मजबूत बनाते हैं। उल्लेखनीय है कि संयंत्र स्थापना के बाद से ही भिलाई महिला समाज शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विभिन्न उत्पादक इकाइयों का संचालन कर अंचल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# शहीद कप फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन,शहीदों के परिजनों का किया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 मार्च ।** वीर शहीदों की स्मृति में आयोजित शहीद कप फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का 28 फरवरी को समापन हुआ। 21 से 28 फरवरी तक चले इस आयोजन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। कार्यक्रम में राहुल टिकरिया, राकेश पाण्डेय, पुरुषोत्तम देवांगन सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शुरुआत वीर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। राष्ट्रीय गीत के पश्चात टॉस कर मैच प्रारंभ हुआ। सांसद विजय बघेल ने मैदान में उतरकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में तैनात सैनिकों के त्याग के कारण ही नागरिक सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं। उन्होंने शहीद परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रभक्ति और खेल भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर शहीदों के परिजनों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व सैनिकों का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन लोकेश पाण्डेय एवं उनकी टीम ने किया।

# सेवानिवृत्ति पर प्रबंधन ने कर्मचारियों को दी विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल) की सेवा से फरवरी माह में कुल 58 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें खदान बिरादरी के 3 सदस्य, 3 कार्यपालक एवं 55 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों के सम्मान में 28 फरवरी को इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान करते हुए उनके योगदान की सराहना की और स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक के सी मिश्रा उपस्थित रहे। समारोह में निदेशक प्रभारी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों से आत्मीय संवाद कर संयंत्र के उज्ज्वल भविष्य हेतु उनके अनुभव एवं सुझाव आमंत्रित किए। अधिकारियों ने भी अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए 7 सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में महाप्रबंधक विकास कुलकर्णी, महाप्रबंधक विद्या सागर देवांगन तथा सहायक प्रबंधक आर.एन. शर्मा शामिल हैं। वहीं 28 फरवरी को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में गैर-कार्यपालकों को भी भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक पी.के. सरकार एवं उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किए।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नियमों के पालन पर दिया जोर

**दुर्ग, 1 मार्च।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल भी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार विभागीय अधिकारियों को रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### होली पर विद्युत सुरक्षा बरतने की अपील

**भिलाई, 1 मार्च ।** होली पर्व के मद्देनज़र छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने आम नागरिकों एवं कर्मचारियों से विद्युत सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। कंपनी ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की संभावित विद्युत दुर्घटना से बचने के लिए होलिका दहन विद्युत खंभों, लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों के निकट न किया जाए। दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि पर्व के दौरान अवकाश होने के बावजूद बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु कॉल सेंटर एवं फ्यूज ऑफ कॉल सेंटर सामान्य दिनों की तरह सक्रिय रहेंगे। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केंद्रीकृत कॉल सेंटर 1912 चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगा, जहां हिंदी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त बिजली मितान बॉट के व्हाट्सएप नंबर पर भी बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर खराबी एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायत दर्ज कराई जा सकती हैं। उपभोक्ता मोर बिजली एप के माध्यम से भी अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### निशुल्क हड्डी रोग परामर्श व रक्तदान शिविर आयोजित



**पाटन,1 मार्च (तछसं.) ।** निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आरोग्य वेद हॉस्पिटल में किया गया। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. मनोज जैन ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रेमलाल पटेल ने जानकारी दी कि डॉ. जैन अब नियमित रूप से अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे। इसके अतिरिक्त होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. संजय मनवानी अपनी सेवाएं देंगे। रक्तदान शिविर का आयोजन रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब द्वारा किया गया। रक्तदाताओं को सुरक्षा के उद्देश्य से हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सूरज साहू, खेद राम साहू, हीरा शंकर साहू, जितेंद्र हसवानी, राजेंद्र राव, कुलवंत सिंह, रूपराज साहू, आदित्य भारद्वाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता को-फाउंडर श्रीमती झरना पटेल ने की। इस अवसर पर उतई नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती साहू, पार्षदगण एवं क्षेत्र के चिकित्सकों और ग्रामीण जनों का सम्मान किया गया।

### आन लाइन गेमिंग,दो गिरफ्तार



**भिलाई,1 मार्च (तछसं.)।** म्यूल अकाउंट के माध्यम से ऑनलाइन गेमिंग में अवैध लेनदेन करने वाले गिरोह के दो और आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने इस मामले में पूर्व में ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है आरोपी अपने बैंक खाता पैसे के लालच में गिरोह को उपलब्ध कराते थे पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिला किया है पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि प्रार्थी अविनाश दुबे निवासी हुडको ने 30 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी गण द्वारा उसे धोखे में रखकर विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर एटीएम कार्ड, पासबुक एवं चेक बुक अपने पास रख लिए हैं तथा खातों के माध्यम से ऑनलाइन गेमिंग से प्राप्त धनराशि का अवैध लेनदेन कर रहे हैं शिकायत के बाद पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी लोकेश कुमार जाधव, टवन कुमार जाधव, विनय सिंह सेंगर, राजू गायकवाड, अमित मिश्रा एवं विशाल मसीह को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है मुख्य आरोपी पवन कुमार यादव से प्राप्त आईडीबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड की जांच में पाया गया कि उक्त कार्ड आरोपी बादल नाहर कर निवासी सिद्धार्थ नगर दुर्ग एवं मुरारी महानंद निवासी हरिजन पारा दुर्ग के नाम से जारी थे आरोपियों द्वारा अपने बैंक खाते अवैध ऑनलाइन गेमिंग लेनदेन के लिए धन लाभ कमाने के उद्देश्य से उपलब्ध कराये गये थे दोनों आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिला किया है ।



### सीईओ ने गांवों में प्रधानमंत्री आवास निर्माण का किया निरीक्षण

**कवर्धा,1 मार्च (तछसं.)।** सहसपुर लोहारा के सीईओ शिव कुमार साहू ने ग्राम दरिगवां, आमगांव एवं जामगांव में सभी हितग्राहियों के घर-घर जाकर निरीक्षण किया अप्रारंभ आवास को शीघ्र प्रारंभ करने तथा अपूर्ण आवास को पंद्रह मार्च तक पूर्ण करने निर्देशित किया से।सभी सचिव ,रोजगार सहायक, आवास मित्रों को की समीक्षा कर समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया गया।

## एक नजर

### थाना सिटी कोतवाली में होली पर्व के पूर्व आयोजित की गई शांति समिति की बैठक



**बलौदाबाजार 1 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सिटी कोतवाली परिसर में शांति समिति का बैठक लिया गया। बैठक में होली पर्व शांति एवं भाईचारा पूर्वक मनाने, बिजली के तार के नीचे होलिका दहन नहीं करने, हरे भरे पेड़ को होलिका में नहीं डालने, मुखौटा का उपयोग नहीं करने, शराब एवं नशे के हालत में वाहन नहीं चलाने, वर्तमान समय में स्कूली बच्चों का परीक्षा को देखते हुए तेज लाउड स्पीकर नहीं बजाने, जबरदस्ती किसी भी महिला या नाबालिग बच्चों को रंग नहीं लगाने और किसी भी प्रकार के कोई भी वाहन चालक गलत तरीके से वाहन चलाते मिलने पर फोटो वीडियो बनाकर त्रिनयन शिकायत नंबर 94792 26641 पर अपलोड करने बताया गया। सांथ ही होली पर्व पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना जिले के पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 94791 90629 अथवा समाधान सेल के नंबर 94792 20392 पर तत्काल प्रदान करने हेतु बताया गया। बैठक के दौरान बलौदाबाजार नगर के पार्षदों द्वारा अपने क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों की जानकारी दी गई तथा इन क्षेत्रों में पुलिस की अनिवार्य पेट्रोलिंग व्यवस्था आवश्यक बताया गया।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही

**बलौदाबाजार 1 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में थाना कसडोल पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 02 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन दोनों प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें दिनांक 28.02.2026 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक ?10,000-10,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है।

### मोडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालक पर की गई कार्रवाई



**बलौदाबाजार 1 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर, उनके विरुद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की सूचना एवं जानकारी त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन नंबर 94792 26641 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर, उनके विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करते हुए सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 28.02.2026 को त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन में प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी बया की पुलिस टीम द्वारा बया चौकी क्षेत्र में वाहन का बीमा कराए बिना एवं मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर तेज एवं कर्कश बैकफायर की आवाज करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन कर मोटरसाइकिल चलाने वाले 01 वाहन चालक को पकड़ा गया।

### होली पर्व के चलते महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सख्त जांच की गई

**बलौदाबाजार 1 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में होली पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने हेतु जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा दिनांक 28.02.2026 को सायं 05:00 से रात्रि 08:00 तक जिले के 19 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों, अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों, सार्वजनिक स्थानों में नशापन करने वाले, अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। इस दौरान जिले के बलौदाबाजार, पलारी, लवन, भाटापारा, पटपर भाटापारा, तिल्दा अंडरब्रिज चौक सिमगा, ग्राम सुहेला तिगड्डा, हथबंद तिगड्डा, कसडोल, बस स्टैंड गिधौरी, सोनाखान, गिधपुरी एवं ग्राम बया सहित विभिन्न स्थानों में नाकाबंदी पॉइंट लगाया गया।

# कांग्रेस सिर्फऔर सिर्फ नाम की राजनीति करती है: पांडे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सिमगा 1 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी सिमगा मंडल एवं कौशलपुर मंडल के द्वारा प्रदेश कार्य समिति के स्थाई मंत्री सदस्य अनिल पांडे राइस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प के प्रदेश के सहसंयोजक हेम सिंह चौहान के द्वारा वीबी राम जी विकसित भारत गारंटी का रोजगार एवं अधिकार मिशन ग्रामीण योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आज चौपाल लगाकर किसानों के बीच में अपनी बात रखी गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान नेता अनिल पांडे ने कहा की एक तरफमोदी जी जन-जन के विकास के लिए काम कर रहे हैं दूसरी तरफकांग्रेस सिर्फऔर सिर्फविरोध का काम कर रही है इसका प्रत्येक उदाहरण है कि पहले रोजगार गारंटी योजना के तहत 100 दिन का कार्य दिया जाता था आज 125 दिन का कार्य वि बी जी राम जी के तहत देने का साहसिक निर्णय अगर किसी ने लिया है तो देश के जो सूची प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिया है कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने लिया है पांडे ने कहा कांग्रेस सिर्फऔर सिर्फनाम की राजनीति करती है भारतीय जनता पार्टी काम की राजनीति करती है कांग्रेस ने अभी तक देश के अंदर में जितनी भी योजनाएं को बनाया है वह सारी योजना किसी ने किसी व्यक्ति के नाम पर है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सोच उससे अलग है इसलिए भारतीय जनता पार्टी को पार्टी विद डिफरेंट कहा जाता है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हेम सिंह चौहान ने कहा कि अब समय आ गया है कि जन-जन तक गांव-गांव तक गांव के अंतिम व्यक्ति तक जाकर हम लोगों को बताएं की वी बी जी राम जी के माध्यम से सरकार 125 दिन का कार्य योजना तैयार करके रखी है कोई भी गांव का अंतिम व्यक्ति खाली पेट नहीं सोएगा इसकी व्यवस्था भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है श्री चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज इसकी शुरुआत की गई है और हर ग्राम पंचायत में जाकर हम नुक्कड़ चौपाल सभा के माध्यम से लोगों के बीच में वीबी जी राम जी के बारे में लोगों को बताएंगे और मोदी जी के 125 दिन की गारंटी को कैसे धरातल पर लाया जाएगा कैसे उसका क्रियान्वयन किया जाएगा इसके बारे में भी हम मजदूर और किसानों के बीच में जाकर बताएंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक कुर्रे जी समाज सेवक मनोज टोंडे जी आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर गोविंद चौहान जी गणेश यादव जी राजा दिव्या जी मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी जी छोटू यादव जी मंडल अध्यक्ष नारायण साहू जी जनपद सभापति चंद्र प्रकाश टोंडे जी।

# मितानिनों के माध्यम से स्वस्थ समाज एवं कुपोषणमुक्त गांव का निर्माण होगा: डॉ नेतराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 1 मार्च।** विकासखंड स्तरीय ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति द्वारा स्वस्थ पंचायत सम्मेलन तथा जनसंवाद का आयोजन मां बमलेश्वरी छीरपानी परिसर डोंगरगढ़ में किया गया, जिसमें क्षेत्र के जिला एवं विकासखंड के जनप्रतिनिधि,नगर पालिका के अध्यक्ष एवं पार्षद ,सरपंच, पंच, मितानिन, ग्राम स्तर पर निगरानी करने वाली लगभग 1600 कार्यकर्ताओं एवं अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लिया, इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर समन्वय सहयोग समाधान का प्रयास करने हेतु स्वस्थ संवाद का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य समुदाय एवं समाज आधारित समस्याओं का निराकरण, जनप्रतिनिधियों के समक्ष जन संवाद स्थापित करके किया जा सके, समुदाय अपनी समस्या अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से साझा करें, इस हेतु एक स्वस्थ संवाद स्थापित किया गया, जिसमें शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्त जानकारी एवं जुड़ाव बड़े पैमाने पर हो, इसलिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का सशक्तिकरण करना तथा जिले के स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रगति लाकर शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करना, कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत निर्माण करने हेतु समस्त आरोग्य मंदिर में प्रत्येक बुधवार को योग शिविर का आयोजन कर बीपी, शुगर एवं कैंसर जैसे भयंकर बीमारियों का स्क्रीनिंग करना, पालक चौपाल जैसे कार्यक्रम को सशक्त करना ,इस सम्मेलन के उद्देश्य को सुनीता वर्मा एवं वक्ताओं के द्वारा बताया गया, उक्त कार्यक्रम में सभी ग्रामों का प्रतिनिधित्व हुआ, मितानिन कार्यक्रम के प्रमुख डॉक्टर संजीव उपाध्याय,कार्यकारी निदेशक, राज्य स्वास्थ्य प्रणाली केंद्र रायपुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर नेतराम नवरतन, डीपीएम संदीप ताम्रकार,सहायक जिला नोडल अधिकारी मितानिन कार्यक्रम अनिल श्रीवास्तव, दिलीप बारले कार्यक्रम में पूरे समय उपस्थित रहे, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बी. सी, अनीता धुर्वे आशा कन्नौजे, सुनीता वर्मा एस.पी.एस.,सभी मितानिन प्रशिक्षक जिला कोऑर्डिनेटर सकुन दास मानिकपुरी के साथ समन्वय एवं प्रत्यक्ष बैठक करके अतिथियों के आगमन से लेकर सभी कार्यक्रमों को व्यवस्थित करने के लिए अनवरत बैठक किया, कार्यक्रम में निर्माण समिति के सभी सदस्य , कर्तव्य भाव से जनप्रतिनिधियों से सीधा संपर्क कर उन्हें आमंत्रित करने का कार्य किया ,कार्यक्रम का शुभारंभ मितानिन बहनों ने ओम का उच्चारण करा के भारत माता की आरती पंडित अभय बाजपेई के माध्यम से स्वास्तिक वाचन से समस्त अतिथियों ने भारत माता का पूजन आरती आरती द्वारा संपन्न कराया गया, कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत बैच, तिलक एवं पौधे देकर किया गया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, अनीता मांडवी सभापति, कार्यक्रम की अध्यक्षता लता सिंहा, अध्यक्ष जनपद पंचायत,रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद,विशिष्ट अतिथि हीराराम वर्मा, तेजराम, गिरजावती कंवर ,सरिता मांडवी एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश्वर वर्मा सरपंच पारागांव,ईश्वरी साहू माडीतराई, कविता धुर्वे बछेराभाटा ,नंदकिशोर कंवर खलारी ,अश्वनी कुमार भंडारपुर, कविता मांडवी तोतलभरी, संजय कुमार ऊईके धोटिया, पार्षद हरीश मोडघरे, शिवांगी साखरे,शारदा यादव, देवेंद्र साखरे,अनीश निर्मलकर ,अनिल लंगेवार आदि उपस्थित रहे,जिले से उपस्थित मितानिन नोडल अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में कुल 140 आवेदन समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुआ, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी से संबंधित 5, स्वास्थ्य विभाग 78, महिला एवं बाल विकास 3, निर्माण कार्य जनपद पंचायत 29, पी.एच, ई विभाग 11, खाद्यान्न योजना से संबंधित5, रोजगार गारंटी 2,अन्य सड़क,भवन निर्माण संबंधी 7,आवेदन प्राप्त हुए ,इन संलग्न आवेदन को निराकरण करने के लिए इस सम्मेलन के माध्यम से जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों से आग्रह किया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण साहू ने कहा कि मितानिन बहनों के माध्यम से समाज की सभी समस्याओं को हल करने पर बल दिया जा रहा है,उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए मितानिनों द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जिसमें मितानिन बहनों की भूमिका महत्वपूर्ण है, स्वास्थ्य विभाग के मुखिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर नेतराम नवरतन ने मितानिनों के कार्य पद्धति एवं समर्पण पर विश्वास जताते हुए कहा कि मितानिन बहनों के माध्यम से स्वस्थ समाज एवं कुपोषण मुक्त ग्राम का निर्माण होगा, इस दिशा में अभी तक जिले में 11 ग्राम पंचायत को कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत किया जा चुका है, उन्होंने मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य मुख्य रूप से शिशु एवं मातृ मृत्यु दर कम करना है, कार्यक्रम के अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मितानिन बहनों का आवाहन करते हुए कहा कि हम सदैव आपके साथ मिलाकर कार्य करने के लिए तत्पर हैं, मितानिनों का सम्मान करना मेरी प्राथमिकता है,इस अवसर मितानिन कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक संजीव उपाध्याय ने पूरे कार्यक्रम को डिजिटल के माध्यम से सभी मितानिन बहनों से संवाद स्थापित करने के लिए गुणात्मक सुधार लाने की योजना पर कार्य करने की बात कही,अध्यक्षता कर रह रही जनपद पंचायत अध्यक्ष लता सिंहा ने सभी मितानिन बहनों को आस्वस्थ करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं के निराकरण करने के लिए मैं सदैव तत्पर हूं, समय-समय पर सहयोग और समन्वय के लिए मैं आपके साथ दिन-रात सेवा के लिए उपलब्ध रहूं गी , उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहनों एवं सरपंच को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया, आयोजन समिति द्वारा डॉक्टर संजीव उपाध्याय को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन आरती साहू , रामेश्वरी एवं मितानिन प्रशिक्षक बहनों ने किया, आभार प्रदर्शन सकून दास एवं ज्योति द्वारा किया गया।

### प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 1 मार्च।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 26 फरवरी को एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या श्रीमती डॉ. ई. वी. रेवती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बव्याख्यान का विषय प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं के विभिन्न प्रकार रहा।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बी. वेंकटेश्वर राव (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, सातवाना कॉलेज, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश) उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं के विविध प्रकारों पर प्रकाश डालते हुए विशेष रूप से एस.एन.1 एवं एस.एन.2 अभिक्रियाओं के तंत्र को सरल, वैज्ञानिक एवं रोचक ढंग से स्पष्ट किया। उनके व्याख्यान से विद्यार्थियों को विषय की गहन एवं व्यवहारिक समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने व्याख्यान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीमती सोनाली लोया खानखोजे, ओमप्रकाश वर्मा एवं गौरव तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन एम.एससी. रसायन शास्त्र के छात्र ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

### किसानों के जीवन में खुशी और समृद्धि लाने हमारी सरकार लगातार कर रही काम:राजस्व मंत्री



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शनिवार को बिलासपुर जिले के जनपद बिल्हा अंतर्गत ग्राम रहंगी में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह में धान की अंतर राशि 10324 करोड़ 84 लाख अंतरित कर किसानों को होली की सौगात दी।इसमें जिले के 157378 किसानों के 578 करोड़ 36 लाख रुपये शामिल है। इस समारोह से जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से वर्चुअली जुड़े थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के 25 लाख से अधिक अन्नदाताओं के मेहनत को सम्मान देते हुए उनके खाते में 10324 करोड़ से अधिक राशि अंतरित किया है। किसानों की खुशी और समृद्धि के लिये हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटी को पूरा किया है। इस अवसर पर 10 किसानों को स्प्रेयर पम्प, 8 मछुआ समितियों को जाल एवं 4 समितियो को आइस बॉक्स, 20 को पीएम किसान सम्मान निधि सम्मान पत्र प्रदान किया गया। सर्वाधिक अंतर राशि प्राप्त करने वाले 10 किसान- कृषक उन्नति योजना अंतर्गत सर्वाधिक राशि प्राप्त करने वाले जिले के 10 किसानों में दशरमा निवासी किसान पीताम्बर साहु उपार्जित धान की मात्रा 1517 क्विंटल, प्राप्त राशि 1109073 रुपये, नगरदा निवासी किसान टेक राम नायक उपार्जित धान की मात्रा 1297 क्विंटल प्राप्त राशि 948253 रुपये जर्वे निवासी किसान चैतन्य कुमार चंद्रवंशी उपार्जित धान की मात्रा 1141 क्विंटल प्राप्त राशि 834509 रुपये , गैतरा निवासी किसान सुरेश कुमार कन्नौजे उपार्जित धान की मात्रा 1124 क्विंटल आदि शामिल हैं।

### नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने किया पदभार ग्रहण किया

**बलौदाबाजार, 1 मार्च।** जिले में नवपदस्थ कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने शनिवार 28 फ़रवरी 2026 को संयुक्त जिला कार्यालय में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। श्री शर्मा 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इसके पूर्व रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं, कलेक्टर बालोद एवं कलेक्टर कोरिया के रूप में पदस्थ रहे हैं।



नवपदस्थ कलेक्टर श्री शर्मा का अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात नवदस्थ कलेक्टर श्री शर्मा ने उपस्थित अधिकारियो से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने इस दौरान पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण की प्रगति, धान उठाव की प्रगति, राजस्व प्रकरणों का निराकरण आदि की जानकारी ली। उन्होंने टीम भावना के साथ बेहतर काम करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, एआर टंडन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मादा गौर शिकार मामले में दो और आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 1 मार्च।** वन परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत अक्टूबर माह में घटित मादा गौर शिकार प्रकरण में फरार चल रहे चार आरोपियों में से दो ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया, जहां से उन्हें जेल दाखिला कराया गया। इस मामले में पूर्व में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। उक्त घटना में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत गंभीर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के पश्चात वन विभाग द्वारा निरंतर निगरानी, विशेष गश्त एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखते हुए आरोपियों की तलाश की जा रही थी। लगातार प्रयासों एवं सघन कार्रवाई के परिणामस्वरूप मुख्य आरोपी जगदीश चौहान एवं अभिमन्यु चौहान, दोनों निवासी बिलाड़ी, ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। प्रकरण में शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई जारी है। कार्रवाई में प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक गुलशन कुमार साहू, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल रुपेश्वरी दीवान एवं डब्बू साहू शामिल रहे।

**हमारी विष्णु देव साय की सरकार ने जो किसानों से वादा किया था उसे पूरा किया**

# भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही किसानों की हो रही है उन्नतिः विधायक शिवरतन शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 1 मार्च।** आज मंडी प्रांगण में आयोजित कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने उपस्थित अन्नदाता किसानों को अंतर राशि उनके खातों में आने पर बधाई देते हुए कहा कि आज आपके मेहनत का फल आपके खाते में आ गया है। हमारी विष्णु देव साय की सरकार ने जो किसानों से वादा किया था उसे निभा कर पूरा किया है । सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद कर 3100 रूपए की दर से राशि प्रदान किया है । किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने का कार्य किसी ने किया है तो वह भाजपा सरकार है । एक ओर जहां कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों को अंतर राशि किश्तों में प्रदान कर परेशान करने के कार्य किया है । लेकिन हमारी सरकार ने किसानों को एक बार में ही अंतर राशि प्रदान कर यह प्रमाणित किया है कि सुशासन की यह सरकार किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है । उन्होंने आगे कहा कि आज हमारे सिमगा ब्लॉक के 32 हजार दो सौ 91 किसानों के खातों में एक सौ ग्यारह करोड़ 54 लाख 23 हजार 397 रूपए बोनस राशि प्रदान किया गया है । भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि आज किसान अगर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेच पा रहे हैं उसका श्रेय शिवरतन शर्मा जी जाता है जिन्होंने ने भाटापारा शाखा नहर के कार्य को आगे बढ़ाकर किसानों खेतों में पानी पहुंचाया है । आज उनके प्रयासों से 70 हजार एकड़ भूमि पर सिंचाई हो रही है । जिसके फलस्वरूप क्षेत्र के किसानों की स्थिति सुधर रही है । भाजपा नेता अनिल पांडेय एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने भी किसानों को अंतर राशि मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार जो वादा करती हैं उसे अक्षर सह अक्षर पूरा भी करती है । कार्यक्रम के समापन अवसर पर अन्नदाता किसानों को सम्मान पत्र प्रदान किया गया । कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सिमगा सोसायटी के अध्यक्ष छोटेलाल यदु ने किया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलत पाल नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर धीरज जैन अभिजीत अवस्थी राहुल योगेश साहू पार्षद टेबू देवांगन रूझून सोनकर पार्षद प्रतिनिधि माया सलूजा अनूप तिवारी हेमसिंह चौहान चंद्रप्रकाश टोंगे रोहित साहू परस पाटकर परस साहू छगन वर्मा हीरा लाल साहू अभिषेक साहू बिसाहू राम साहू रामनरेश साहू राजेश सिंह एवं जिला विपणन अधिकारी अमित चंद्राकर शाखा प्रबंधक जेठूराम लहरी पर्यवेक्षक रामनारायण साहू सहित सैंकड़ों किसान उपस्थित थे ।

**रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेन्ट्रल) रुल्स 1956 के अंतर्गत तरुण छत्तीसगढ़ के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी**

**घोषणा पत्र**

**फार्म-4**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **प्रकाशन स्थल** | - | रायपुर |
| 2. | **प्रकाशन अवधि** | - | दैनिक |
| 3. | **मुद्रक का नाम** | - | कौशल किशोर मिश्र |
| | राष्ट्रीयता | - | भारतीय |
| | पता | - | 20, सुन्दर नगर, रायपुर |
| 4. | **प्रकाशक का नाम** | - | कौशल किशोर मिश्र |
| | राष्ट्रीयता | - | भारतीय |
| | पता | - | 20, सुन्दर नगर, रायपुर |
| 5. | **संपादक का नाम** | - | कौशल किशोर मिश्र |
| | राष्ट्रीयता | - | भारतीय |
| | पता | - | 20, सुन्दर नगर, रायपुर |
| 6. | **पत्र का स्वामित्व भागीदारी अथवा 1 प्रतिशत से अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार** | - | कौशल किशोर मिश्र रायपुर |

मैं **कौशल किशोर मिश्र** एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सही है।

**दिनांक** 1.3.2026

**कौशल किशोर मिश्र**
प्रकाशक के हस्ताक्षर

माना तो यह जाता है कि आदमी से गलती हो सकती है क्योंकि वह आदमी है। कई क्षेत्र ऐसे होते हैं जहां उम्मीद की जाती है कि वहां के लोगों से गलती नहीं होनी चाहिए क्योंकि वह न्याय करने वाले होते हैं। न्याय करने वालों से जब गलती होती है तो उससे पूरी न्याय व्यवस्था पर सवाल उठता है क्योंकि उनसे उम्मीद की जाती है कि वह दूसरे तमाम क्षेत्रों से अलग है, इसलिए वह अन्य क्षेत्र के लोगों के समान नहीं हो सकती। लेकिन कई बार ऐसे फैसले आते है कि उससे कई तरह के सवाल उठते हैं। पहला सवाल तो यही उठता है कि ऐसा फैसला किया कैसे जा सकता है। एक अदालत ऐसा फैसला कैसे कर सकती है जिससे अन्य अदालतों को तमाम फैसलों पर सवालिया निशान लग जाता है।न्याय क्षेत्र में माना जाता है कि निचली अदालतों में ऐसा फैसला हो सकता है जिसे गलत माना जा सकता है और ऊपर की अदालत निचली अदालत की गलती को सुधारने का काम करती है। कई बार निचली अदालतों में ऐसे फैसले दिए गए हैं जिसे ऊपर की अदालत ने बदला है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो एक अदालत ने गलत फैसला दिया है तो दूसरी अदालत ने उसे सुधारा है। एक अदालत के गलत फैसले को सुधारने में दूसरी


## ऐसे फैसले आते हैं तो सवाल उठना स्वाभाविक है

अदालत को वक्त लगता है। इस वक्त के दौरान तो पहले जज के गलत फैसले को सच माना जाता है और इसका फायदा एक पक्ष को होता है तो दूसरे पक्ष को नुकसान होता है। निचली अदालत ने केजरीवाल व अन्य आरोपियों को कमजोर सबूत व अपर्याप्त सबूत की वजह से आरोपों से ही बरी कर दिया। इससे तो यही समझा और समझाया जा रहा है कि शराब घोटाला हुआ ही नहीं है। हम लोग तो ईमानदार लोग हैं, हम लोग तो कट्टर ईमानदार लोग हैं। इससे तो यह समझा जा रहा है कि जांच एजेंसी ने जो कई महीनों व सालों तक सबूत जुटाए वह सबूत ही नहीं है, जांच में जो मेहनत की उसका कोई मोल नहीं है। दो सालों के दौरान इस मामले में हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट ने जो भी फैसले दिये हैं, वह सब गलत हैं। केजरीवाल व अन्य लोगों को जमानत न मिलना, जेल भेजा जाना तो अदालत के फैसलों से संभव हुआ है। जांच एजेंसी ने जो सबूत पेश किए हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट ने उसे सही माना था इसलिए तो कई फैसले केजरीवाल के खिलाफ आए थे और माना गया था कि इतने सबूत तो हैं कि मामला चलाया जा सकता है। इसके बाद अचानक एक दिन निचली अदालत फैसला सुना दे कि मामला ही नहीं बनता है तो इतने दिनों तक इस मामले में कोर्ट में सुनवाई क्यों हुई। जब अदालतों में जांच एजेंसियों सबूत पेश कर रही थी तो तब ही क्यों नहीं कह दिया गया कि कोई मामला ही नहीं बनता है। निचली अदालत के जज ने सही फैसला दिया है या गलत फैसला दिया है इसका पता तो हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद चलेगा। तब तक तो केजरीवाल व उनकी पार्टी को एक जज ने ईमानदार होने के सर्टीफिकट दे दिया है केजरीवाल व उनकी पार्टी तो उसको पेश भी ऐसे कर रही है जैसे जज ने उनको ईमानदारी का सर्टीफिकेट दे दिया है। जज का सही या गलत फैसला जो भी है, उससे केजरीवाल के साथ न्याय हुआ है तो जांच एजेंसी के साथ अन्याय हो गया क्योंकि इस फैसले से तो यही माना जा रहा है कि जांच एजेंसी निष्पक्ष नहीं है,उसने जांच ठीक से नहीं की है, उसने मजबूत सबूत नहीं जुटाए, पर्याप्त सबूत नहीं जुटाए। राजनीतिक दल के नेता भ्रष्टाचार भी करते हैं और जांच दल की जांच का विरोध भी करते हैं। जांच एजेंसी पर आरोप लगाते हैं, सरकार के इशारे पर उनको बदनाम किया जा रहा है,उनको फंसाया जा रहा है। निचली अदालत के फैसले से तो यही साबित करने का प्रयास किया जा रहा है। निचली अदालत के फैसले तो जनता की अदालत के फैसले पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि जनता ने चुनाव में गलत फैसला दिया है। ऐसा कहने वाले वहीं लोग हैं जो भ्रष्टाचार को अपना राजनीतिक अधिकार मानते हैं। अदालत कई बार राजनीतिक दलों के भ्रष्टाचार पर सही फैसला नहीं दे पाती है लेकिन जनता ने आज तक भ्रष्टाचार करने वाले राजनीतिक दलों के बारे में सही फैसला किया है। इसलिए उसका फैसला गलत नहीं हो सकता। इसका उदाहरण कांग्रेस है। जनता ने मान लिया कि कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार होता रहा है, जनता ऐसा मानती है यही वजह है कि जनता कांग्रेस को पहले की तरह सत्ता नहीं सौंप रही है। केजरीवाल की गलतफहमी के जनता अगले चुनावों में दूर कर देगी तब तक वह अपने को कट्टर ईमानदार कह सकते हैं।

समसामयिक

# केजरीवाल संबंधी निर्णय : संकेत,सन्देश और सियासत

**तनवीर जाफ़री**



दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने पिछले दिनों विवादित दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने सीबीआई द्वारा अदालत में पेश किये गये सबूतों को कमज़ोर और अपर्याप्त बताया और कहा कि आरोपियों की कोई आपराधिक साज़िश या इरादा साबित नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि केवल दावे पर्याप्त नहीं होते बल्कि ठोस सबूत होने भी ज़रूरी हैं। अदालत ने कहा कि चार्जशीट में ख़ामियां हैं और कोई साक्ष्य भी नहीं मिला। इस अदालती फ़ैसले के बाद राजनैतिक हल्क़ों में हलचल तेज़ हो गयी है। ग़ौरतलब है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लागू की थी। इस नीति का उद्देश्य शराब की बिक्री का निजीकरण कर ग्राहक सुविधा बढ़ाना और शराब की काला बाज़ारी रोकना बताया गया था। परन्तु जुलाई 2022 में मुख्य सचिव की रिपोर्ट में प्रक्रियागत ख़ामियां , मनमाने फ़ैसले और 500 करोड़ से अधिक का नुक़्सान बताते हुए दिल्ली के तत्कालीन एल जी, वी के सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफ़ारिश की। उस समय केंद्र सरकार की अधीनस्थ संस्थाओं सीबीआई और ईडी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि दिल्ली सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इस नयी आबकारी नीति को निजी शराब कंपनियों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए तैयार किया गया था। जिसमें 100 करोड़ के कैशबैक आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को मिले। तत्कालीन मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस पूरे मामले का मुख्य साज़िशकर्ता बताया गया। इसके बाद जुलाई 2022 में एलजी की सिफ़ारिश से ही अगस्त में सीबीआई व ईडी द्वारा केस रजिस्टर्ड किया गया तथा सितंबर में नयी आबकारी नीति रद्द कर दी गयी । इसी के बाद फ़रवरी 2023 में मनीष सिसोदिया को और मार्च 2024 में केजरीवाल को गिरफ़्तार कर लिया गया। अब जहाँ संबंधित अदालत द्वारा केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया हैं वहीं ख़बर यह भी है कि निचली अदालत के इस फ़ैसले को चुनौती देने हेतु सी बी आई संभवतः हाई कोर्ट का रुख़ कर सकती है।

बहरहाल इस अदालती फ़ैसले के बाद विपक्ष एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमलावर है। क्योंकि मोदी सरकार के दौरान ही अरविंद केजरीवाल के अलावा और भी कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों ने कार्रवाई करने की कोशिश की। इनमें गिरफ़्तारियां भी हुईं, परन्तु अधिकांश मामलों में या तो ज़मानत मिली या मामले डिस्चार्ज हुये या फिर उन्हें अदालत से राहत मिली। उदाहरण स्वरूप झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हेमंत सोरेन को 2024 में ईडी द्वारा लैंड स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में गिरफ़्तार किया गया। उन्हें सीएम पद से इस्तीफ़ा देकर जेल जाना पड़ा। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2026 में ईडी की कार्यवाही पर स्टे लगा दिया और वे रिहा होने के बाद पुनः मुख्यमंत्री बने। इसी तरह कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी ने MUDA स्कैम में हाईकोर्ट ने जांच की मंज़ूरी तो दे दी परन्तु लोकायुक्त ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। यूँही कभी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को ईडी द्वारा



' 466 करोड़ का FEMA नोटिस जारी किया गया व कई कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। परन्तु अभी तक कोई गिरफ़्तारी नहीं हो सकी। इसी तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव,डी शिवकुमार,पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जैसे और भी कई नेताओं से ई डी व सी बी आई पूछताछ कर चुकी है।

पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी पंचकूला के एजेएल ज़मीन आवंटन मामले में पंजाब' हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा हुड्डा के ख़िलाफ़ आरोप तय किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया है और उन्हें ''क्लीन चिट'' दे दी। इसके आधार पर आरोप तय करने के सीबीआई कोर्ट के आदेश को ख़ारिज कर दिया गया। परन्तु केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यरत ईडी, सी बी आई या आयकर जैसे विभाग विपक्षी नेताओं पर कोई न कोई आरोप मढ़कर उन्हें न केवल परेशानियों में डाल देते हैं बल्कि इस तरह के आरोपों से उनके राजनैतिक चरित्र को भी दाग़दार बनाने की पूरी कोशिश करते हैं। और सही मायने में जो वास्तव में भ्रष्ट होते हैं वे तो आनन् फ़ानन में दल बदल कर भजपाई 'वाशिंग मशीन ' से गुज़रकर 'चरित्रवान ' होने का प्रमाण पत्र हासिल कर लेते हैं। और भय वश उपजी इस प्रीत के बदले में उन्हें कहीं मुख्य मंत्री तो कहीं उपमुख्यमंत्री,मंत्री,सांसद या अन्य उच्च पदों पर 'सुशोभित ' कर दिया जाता है। आंकड़े यूँही नहीं बताते कि ईडी ने 2014 से लेकर अब तक क़रीब 121 प्रमुख नेताओं पर मामले रजिस्टर्ड किये इन में 95% विपक्षी नेता थे। और 2015 से 2025 तक ईडी द्वारा दर्ज 193 मामलों में केवल 2 ही दोष सिद्धियां हुईं। शेष अधिकांश मामलों में या तो अदालत ने आरोपियों को राहत दी या फिर सुबूतों के अभाव में मामले कमज़ोर पड़ गये।

जहाँ तक केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के बाद उपजी सियासत का सवाल है तो जहां अदालती फ़ैसला आते ही विपक्ष एकजुट होकर केजरीवाल के साथ खड़ा नज़र आ रहा था वहीँ केजरीवाल का बिलख बिलख कर रोते हुये मीडिया के सामने पेश होकर अपनी बेगुनाही का सुबूत देना चाह रहे थे। और हद तो तब हो गयी जबकि उसी दिन बुलाई गयी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे उन्हें जेल भेजने वाली भाजपा से भी ज़्यादा कांग्रेस पर ही निशाना साधते नज़र आये। सत्ता से सवाल पूछने के बजाये वे यह कहते सुनाई दिये कि "केजरीवाल जेल गया, क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गए? संजय सिंह जेल गए, क्या राहुल गांधी जेल गए? मनीष सिसोदिया जेल गए, क्या सोनिया गांधी जी जेल गईं? कांग्रेस किस मुंह से बात करती है, शर्म नहीं आती?" ज़ाहिर है यह केजरीवाल की राजनीतिक बयानबाज़ी का ही एक हिस्सा था जिससे विपक्षी एकता कमज़ोर हुई। क्योंकि अब कांग्रेस भी पूछ रही है कि 30 से अधिक मामलों से जूझने वाले राहुल की आँखों में कभी आंसू नहीं आये तो केवल एक मामले का सामना करने में केजरीवाल का इसतरह मीडिया के सामने रोने का क्या अर्थ है? केजरीवाल के कांग्रेस विरोधी बयान को राजनैतिक विश्लेषक पंजाब, उत्तराखंड, गोवा व गुजरात में होने वाले आगामी चुनावों से जोड़कर भी देख रहे हैं। और इसे आप व भाजपा की कांग्रेस विरोधी संयुक्त रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं। यही वजह है कि केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के संकेत इसके सन्देश और इसके पीछे की सियासत आदि सभी पहलुओं को बहुत बारीकी से समझने की ज़रूरत है।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा। किसी बुजुर्ग महिला की सेवा का अवसर मिलेगा इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। कमर दर्द से जुड़ी परेशानी के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं, आपको समाधान का तरीका मिलेगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। गौ सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा। किसी को दिया हुआ धन वापस मिलेगा। आपके घर में शुभ कार्यक्रम का आयोजन होने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरूरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी। किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको खुशी महसूस होगी। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशिः आज आपका दिन शांत रहेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। जो लोग किसी एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी में लगे हैं, उनको जल्द ही अच्छा कॉलेज मिलने का योग है।

कन्या राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। आज कॉम्पटीटिव परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स पढ़ाई व काम के बीच संतुलन बनाकर रहेंगे तो जल्द ही आपको सफलता मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा।

तुला राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगा। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा।

वृश्चिक राशिःआज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे। रिश्तों में चल रही अनबन से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज जीवनसाथी को सरप्राइज देने के लिए ज्वेलरी खरीदने जा सकते हैं। परिवार में बड़े-बुजुर्गों का ध्यान रखें। लवमेट घूमने का प्लान बनायेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता पिता से मिल सकते हैं। सोशल वर्क कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लवमेट कहीं घूमने जा सकते हैं आपके रिश्ते की डोर और मजबूत बनेगी। सरकारी जॉब की तैयारी कर रहे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखने की आवश्यकता है। जल्द सफलता मिलने के योग है।

मकर राशिः आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू देने के लिये काफी अच्छा समय चल रहा है। आज आपकी महत्वाकांक्षा को काफी बल मिलेगा।

कुम्भ राशिः
आज आपका दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आध्यात्मिक कामों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मीन राशिः आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आमोद प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। आज आपके मन में स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है।

### सू- दोकू क्र.331

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.330 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -331

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 330 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

राजनीति

# आबकारी नीति मामले में आप नेताओं का बरी होना बड़ी संजीवनी

**ललित गर्ग**

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा कथित आबकारी नीति प्रकरण में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपितों को दोषमुक्त किए जाने का निर्णय समकालीन राजनीतिक और विधिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अर्थात सीबीआई द्वारा पंजीकृत किया गया था और लंबे समय से सार्वजनिक बहस के केंद्र में था। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत आरोप ठोस साक्ष्यों और विश्वसनीय गवाहियों पर आधारित नहीं हैं तथा आरोपपत्र में वर्णित दावे न्यायिक परीक्षण की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। न्यायालय की यह टिप्पणी कि अनुमानों और अटकलों को विधिसम्मत प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, न केवल इस विशेष प्रकरण बल्कि समग्र अन्वेषण प्रक्रिया के लिए भी गंभीर संकेत देती है। आबकारी नीति मामले यह फैसला आप के लिए एक बड़ी संजीवनी या 'प्राणवायु'के समान है। यह फैसला आप को 'कट्टर ईमानदार' की छवि वापस पाने और आगामी चुनावों के लिए एक आक्रामक रुख अपनाने में मदद करेगा, जिससे विपक्षी दलों का मनोबल भी बढ़ा है। कोर्ट से मिली क्लीन चिट ने आप नेताओं की साख बहाल की है जिससे पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। यह निर्णय 'राजनीतिक प्रतिशोध' के नैरेटिव को बल देता है जिससे आप अपनी छवि को बेदाग साबित कर पा रही है। विपक्षी दल इस घटना को केंद्रीय एजेंसियों सीबीआई एवं ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ एक जीत के रूप में देख रहे हैं जिससे उन्हें केंद्र के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस फैसले से दिल्ली और पंजाब में आप को मजबूती मिलेगी और वह आगामी चुनावों के लिए आक्रामक प्रचार कर सकती है। विवाद का मूल वर्ष 2021 में लागू की गई नई आबकारी नीति से जुड़ा था। उस समय दिल्ली सरकार ने तर्क दिया था कि शराब व्यापार में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि होगी, भ्रष्टाचार कम होगा और व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। किंतु नीति के क्रियान्वयन के बाद उस पर अनियमितताओं तथा कथित पक्षपात के आरोप लगाए गए। यही आरोप आगे चलकर आपराधिक प्रकरण का आधार बने। जुलाई 2022 से यह मुद्दा राजनीतिक विमर्श का प्रमुख विषय बन गया और चुनावी सभाओं में इसे व्यापक रूप से उठाया गया। अब जबकि ट्रायल कोर्ट ने अभियोजन के तर्कों को अपर्याप्त पाया है, तो स्वाभाविक है कि इसका राजनीतिक प्रभाव भी पड़ेगा। हालांकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस निर्णय को दिल्ली उच्च न्यायालय, में चुनौती देने की घोषणा की है। अतः अंतिम विधिक स्थिति अभी स्पष्ट नहीं मानी जा सकती। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय, अर्थात ईडी ने यह कहा है कि उससे संबंधित धनशोधन प्रकरण की जांच स्वतंत्र आधारों पर चल रही है। यदि उच्च न्यायालय भी निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठेगा कि समान घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न अन्वेषणों की विधिक संगति किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी। इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष संस्थागत विश्वसनीयता से जुड़ा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्वेषण एजेंसियों की भूमिका अत्यंत संवेदनशील होती है। वे केवल अपराध की जांच ही नहीं करतीं, बल्कि न्याय व्यवस्था के प्रारंभिक चरण का प्रतिनिधित्व भी करती हैं। यदि न्यायालय यह टिप्पणी करता है कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है या पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए, तो यह केवल एक तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत शुचिता पर प्रश्नचिह्न बन जाता है। न्याय का मूल सिद्धांत है कि अभियुक्त तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक कि उसका दोष विधिसम्मत प्रमाणों के आधार पर सिद्ध न हो जाए। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोपों का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि शासन की समग्र विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो कठोर दंड आवश्यक है; किंतु यदि आरोप पर्याप्त प्रमाणों के अभाव में टिक नहीं पाते, तो इससे राजनीतिक विमर्श की विश्वसनीयता पर भी आघात पहुँचता है। लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु आरोपों का उपयोग यदि मुख्यतः चुनावी रणनीति के रूप में किया जाता है और वे न्यायालय में प्रमाणित नहीं हो पाते, तो इससे जनता के मन में संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है।

इस निर्णय के बाद स्वाभाविक रूप से आम आदमी पार्टी को नैतिक बल प्राप्त हुआ है। किंतु इस तथ्य को केवल किसी एक दल की विजय या पराजय के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इससे व्यापक स्तर पर यह संदेश भी जाता है कि न्यायिक प्रक्रिया स्वतंत्र है और वह अभियोजन की कमजोरी को रेखांकित करने से संकोच नहीं करती। न्यायालय की कठोर टिप्पणियाँ यह संकेत देती हैं कि केवल आरोपों की गंभीरता पर्याप्त नहीं है; उन्हें प्रमाणों की दृढ़ता से पुष्ट करना भी अनिवार्य है। दूसरी ओर, यह प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि यदि वास्तव में किसी नीति में अनियमितता हुई थी, तो उसके समर्थन में ठोस साक्ष्य क्यों प्रस्तुत नहीं किए जा सके। क्या अन्वेषण प्रक्रिया में तकनीकी कमियाँ रहीं? क्या साक्ष्य-संग्रह में सावधानी का अभाव था? या फिर आरोपों का प्रारूपण ही पर्याप्त स्पष्ट नहीं था? ये प्रश्न केवल इस प्रकरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भविष्य की जांच प्रक्रियाओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं।

भ्रष्टाचार-निरोध की दिशा में प्रभावी कदम तभी संभव हैं जब अन्वेषण निष्पक्ष, पारदर्शी और विधिसम्मत हो। राजनीतिक दलों को भी यह समझना होगा कि भ्रष्टाचार-विरोध का नैतिक आग्रह तभी प्रभावी है जब वह स्वयं प्रमाण-आधारित हो। यदि आरोपों का आधार कमजोर होगा, तो वे न्यायिक समीक्षा में टिक नहीं पाएंगे और इससे वास्तविक भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष भी कमजोर पड़ेगा। इस घटनाक्रम ने एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है- अन्वेषण एजेंसियों की स्वायत्तता और उत्तरदायित्व का संतुलन। लोकतंत्र में एजेंसियों को स्वतंत्रता आवश्यक है, किंतु वह स्वतंत्रता विधिक मानकों और न्यायिक नियंत्रण के अधीन रहती है। न्यायालय की टिप्पणियाँ यह संकेत देती हैं कि प्रक्रिया की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। यदि अभियोजन पक्ष पर्याप्त तैयारी के बिना आरोप प्रस्तुत करता है, तो उसका परिणाम यही होगा कि मामला प्रारंभिक चरण में ही कमजोर पड़ जाएगा।

निश्चित तौर पर यह प्रकरण हमें यह स्मरण कराता है कि कानून का शासन केवल दंड देने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि न्यायसंगत प्रक्रिया की गारंटी भी है। आरोप सिद्ध करने की जिम्मेदारी राज्य पर होती है और वह भी संदेह से परे प्रमाणों के आधार पर। यदि यह मानक पूरा नहीं होता, तो किसी भी व्यक्ति को केवल सार्वजनिक धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इस निर्णय का अंतिम परिणाम चाहे जो भी हो-क्योंकि उच्च न्यायालय में चुनौती लंबित है फिर भी यह अवसर अवश्य प्रदान करता है कि हम भ्रष्टाचार-निरोध की अपनी कार्ययोजना को अधिक सुदृढ़ और प्रमाण-आधारित बनाएं। राजनीतिक विमर्श को आरोपों की तीव्रता से आगे बढ़कर प्रमाणों की गुणवत्ता पर केंद्रित करना होगा। अन्वेषण एजेंसियों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी कार्रवाई निष्पक्षता और विधिक दृढ़ता का उदाहरण बने।

लोकतंत्र की शक्ति उसके संस्थानों की विश्वसनीयता में निहित होती है। जब न्यायालय निर्भीक होकर जांच की कमियों को इंगित करता है, तो वह व्यवस्था को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत करता है। आवश्यकता इस बात की है कि इस निर्णय को किसी दलगत लाभ-हानि के चश्मे से देखने के बजाय संस्थागत सुधार के अवसर के रूप में देखा जाए। यदि ऐसा किया जाता है, तो यह प्रकरण केवल एक राजनीतिक विवाद नहीं रहेगा, बल्कि शासन-प्रणाली की परिपक्वता का प्रमाण भी बनेगा।

## एक नजर

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया किशोर न्याय बोर्ड व बालिका गृह का निरीक्षण

**कांकेर, 1 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांकेर श्री संजीव कुमार टामक द्वारा किशोर न्याय बोर्ड, कांकेर एवं बालिका गृह, सिंगारभाट का निरीक्षण किया गया तथा वहां पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को उनके अधिकार एवं कर्तव्य, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया, संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के अधिकार, परामर्श एवं पुनर्वास की व्यवस्था, बाल संरक्षण तंत्र, बाल कल्याण समिति की भूमिका, स्वास्थ्य, स्वच्छता, मानसिक विकास, डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें गुड टच बैड टच, चाइल्ड लाइन 1098, शिक्षा का महत्व तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अलावा बच्चों को 12वीं के बाद उपलब्ध शैक्षणिक एवं कैरियर विकल्पों की जानकारी देते हुए नियमित रूप से समाचार पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के विषय में जानकारी दी गई। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शांति प्रभु जैन तथा बालिका गृह के बालक-बालिकाएं एवं विधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### जिले के 92493 किसानों के खातों में 372 करोड़ रुपए की राशि अंतरित

**कांकेर, 1 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत आज प्रदेश के 24 लाख 28 हजार किसानों के बैंक खातों में 10 हजार करोड़ रुपए की कृषि आदान सहायता राशि एकमुश्त अंतरित की गई। इसके तरह खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने वाले कांकेर जिले के 92 हजार 493 किसानों के खातों में आज 372 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम रहंगी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में दोपहर को रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश भर के किसानों के खातों में योजनांतर्गत एक साथ राशि अंतरित की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों से वर्चुअल रूप से वार्तालाप भी किया। जिला स्तर पर उक्त समारोह का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र सिंगारभाट कांकेर के परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक श्री नेताम ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषकों की आय दुगनी करने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के किसानपुत्र मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय किसान हित में लगातार चिंता और चिंतन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया ने प्रत्येक अन्नदाताओं की मेहनत को उनका वास्तविक सम्मान और हक कृषक उन्नति योजना के जरिए दिया है। किसानों को धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, उतेरा फसलों के अलावा पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरीपालन जैसे व्यवसाय अपनाने की जरूरत है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और वे आर्थिक रूप से समृद्ध व आत्मनिर्भर बन सकें।

# नगर पालिका के स्टाफ क्वार्टर में पालिका उपाध्यक्ष का कब्जा

- स्टाफ क्वार्टर में उपाध्यक्ष कैलाश ने लेबरों को ठहरवाया है
- नगर पालिका के कर्मचारियों के लिए बनाया गया था क्वार्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 1 मार्च।** नगर पालिका दंतेवाड़ा में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। पालिका उपाध्यक्ष के नित नए कारनामों से पूरा नगर हालाकान है। गायत्री चौक पर नाली के उपर ठेले रखवाने, मनमाने तरीके से मूत्रालय तोड़ने, अपने वार्डों में अतिक्रमण करवाने, अथवा बस स्टेंड में स्थित नपा की काम्पलेक्स में बगैर तकनीकी स्वीकृति के दुकानों का शटर उखडवाने एवं गायब करवाने का मामला हो इन सब कथित कारनामों में उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा का नाम ही प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया है। ये विवाद अभी थमे भी नहीं थे कि एक और आरोप में वे घिर गए हैं। मामला इस प्रकार है कि नगर के वार्ड क्रमांक 10 में नगर पालिका कालोनी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर पालिका द्वारा अधोसंरचना मद से स्टाफ क्वार्टर का निर्माण करवाया गया था। नियमतः इन क्वार्टरों को पालिका के ही किसी स्टाफ अर्थात जरूरतमंद कर्मचारी जिनके पास मकान नहीं है उनको एलॉट किया जाना था लेकिन नपा सीएमओ ने ऐसा न कर इस क्वार्टर की चाबी अपने चहेते उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा के सुपुर्द कर दिया। बीते 4-5 महिनों से इस नव निर्मित सरकारी स्टाफ क्वार्टर में श्री मिश्रा के मजदूर निवासरत हैं। एक तरीके से कहें तो स्टाफ क्वार्टर में उपा0श्री मिश्रा का कब्जा हो गया है। वहीं दुसरी ओर नगर पालिका के कई कर्मचारी जिन्हें सरकारी क्वार्टर नहीं मिला है कायदे से उनको ये क्वार्टर आबंटित किया जाना चाहिए था। कुछ स्टाफकर्मी द्वारा क्वार्टर की मांग की गई थी मगर सीएमओ ने अपने कर्मचारियों की मांग को तवज्जो नहीं दिया। श्री मिश्रा अपनी मनमानी करते हुए इस क्वार्टर में अपने लेबरों को रखे हुए हैं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उनके ये लेबर नगर पालिका में मजदूरी नहीं करते बल्कि वे कैलाश मिश्रा के निजि कामों में में मजदूरी करते हैं। अब बड़ा सवाल यह कि क्या ये नियमतः सही है। जिनके नाम पर, प्रशासन ने लाखों रूपए खर्च कर ये क्वार्टर बनवाया है उन्हें आबंटित करने के बजाए सीएमओ ने जनप्रतिनिधि को सरकारी क्वार्टर किस नियम के तहत दिया है? स्टाफ के नाम पर बने क्वार्टर को नपा स्टाफ को क्यों नहीं दिया गया? विभागीय कर्मचारियों का हक पर डाका क्यों? इस मामले में नपा सीएमओ श्री पालदास पक्ष जानने उनसे संपर्क साधा गया तो उन्होने इस मामले पर अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि उन्हें नहीं मालुम कि क्वार्टर की चाबी किसके पास है। पताकर तुरंत ही स्टाफ क्वार्टर की चाबी वापस ली जाएगी।

#### जनप्रतिनिधियों की कमजोरी एवं नगर प्रशासन की अकर्मण्यता से

# दंतेवाड़ा में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन पर हो रहा अतिक्रमण,प्रशासन मौन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 01 मार्च।** सरकारी भुमि पर अवैध अतिक्रमण अब धीरे धीरे एक गंभीर एवं राष्ट्रीय समस्या बनती जा रही है। यह समस्या न केवल एक जामदुर्घटनाओं एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है बल्कि शहरी नियोजन और जनसुविधाओं में भी एक बड़ी बाधा है। जिसे दूर करने के लिए एक ठोस कड़ी प्रशासनिक कारवाई की आवश्यकता है। अतिक्रमण कहने सुनने में भले ही एक सामान्य सी बात लगती हो मगर यह कोई छोटी समस्या नहीं बल्कि यह बहुत बड़ी समस्या है आज की तारीख में किसी भी सरकार, प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती है नजूल/सरकारी जमीनों को भूमाफियाओं से बचा पाना। अतिक्रमण को लेकर शासन प्रशासन हमेशा कहती रहती है कि अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमणकारियों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। वहीं हकीकत इसके बिलकुल उलट होता है। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय की बात करें तो यहां बीते कुछ दशकों में सरकारी जमीनों एवं जंगल भुमि पर बेतहाशा अतिक्रमण हुआ है। प्रशासन की कमजोरी एवं अकर्मण्य क्रियाकलापों के चलते भू माफिया आज डंके की चोट पर अतिक्रमण कर रहे हैं। नगर में करीब 15 वार्ड हैं इनमें आधे से अधिक वार्डों में अतिक्रमण हुआ है। नगर के कतियाररास, चूडिटिकरा, पातररास क्षेत्र में सबसे ज्यादा अतिक्रमण किया गया है। इसे रोक पाने में वर्तमान शासन एवं जिला प्रशासन पुरी तरह से विफल रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के दबाव के आगे प्रशासन भी कमजोर पड़ जाता है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि हों या कोई बड़ा नेता कोई भी अतिक्रमण पर खुलकर कुछ नहीं कहता ना ही इस पर कारवाई के लिए प्रशासन पर दबाव बनाता है बल्कि अगर प्रशासन कहीं शिकायत पर कारवाई करने जाती है तो ये जनप्रतिनिधि अतिक्रमणकारियों के पक्ष में ढाल बनकर खड़े हो जाते हैं और उनका बचाव करते हैं क्योंकि उन्हें 5 सालों बाद वोटों की फसल जो काटनी होती है। वार्ड क्रमांक 09 एवं 10 के चूडिटिकरा इलाके में अतिक्रमण इतने बड़े क्षेत्रफल पर हुआ है कि एक पुरी बस्ती ही वहां बस गई है। लोग लेंटर वाले पक्के मकान तान दिए हैं। वर्तमान में भी जंगल नदी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तारबाड़ी एवं कच्चे बांस से घेरकर आसपास के खली पड़े सरकारी जमीनों पर कब्जाने का खेल चल चल रहा है। वार्ड पार्षदों का कहना है कि उनके द्वारा कई बार नगर प्रशासन एवं जिला प्रशासन को शिकायत की जा चुकी है। अतिक्रमण रोकने के लिए कहा गया है मगर जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे रहते हैं कोई कारवाई नहीं की जाती। कहां तो अतिक्रमण पर सख्त कारवाई की बात करने वाला शासन प्रशासन अतिक्रमणकारियों के आगे इस कदर लाचार एवं नतमस्तक हो जाता है कि उन्हें हटाना तो दूर की बात उनके लिए बिजली, पानी, सड़क, राशन कार्ड समेत हर बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में लग जाता है। शासन प्रशासन की इसी कमजोर नब्ज को भूमाफिया पकड़ लेते हैं और सामुहिक रूप से एकत्र होकर किसी बड़े भूमि पर एक साथ मिलकर अतिक्रमण करते हैं। उन्हें पता होता है कि जनप्रतिनिधि उनके खिलाफ जाएंगे नहीं बस उसी का फायदा उठाकर वे जमीनों पर कब्जा कर लेते हैं। बाद मे प्रशासन दिखावे के लिए नोटिस नोटिस का खेल खेलती रहती है। सालों बीत जाते हैं मगर अतिक्रमण वाली जगह को खाली नहीं करवाया जाता । जितना ज्यादा समय बीतता जाता है अतिक्रमणकारियों की जमीन पर कानुनी पकड़ उतनी मजबूत होती चली जाती है और एक दिन आता है कि यही सरकारें जो अतिक्रमण पर कारवाई की बात कहती थी वे खुद बुलाबुलाकर जमीनों का पट्टा बांटती है और उन्हें भू भूस्वामी घोषित कर देती है।

## बचेली थाना परिसर में ग्राम रक्षा समिति गठन को लेकर बैठक आयोजित



- उद्देश्यः थाना क्षेत्र के सभी गॉवों में शांति, सुरक्षा और सहयोग की भावना को सुदृण करना!

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 1 मार्च।** लौह नगरी बचेली में शांति एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव रॉय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन व जितेंद्र खूंटे के मार्गदर्शन में बचेली थाना परिसर में ग्राम रक्षा समिति के गठन के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विवाद, आपसी मतभेद, सुरक्षा, या कानून व्यवस्था से जुड़ी समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में त्वरित एवं सामूहिक सहयोग/समाधान सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि ग्राम रक्षा समिति के गठन का उद्देश्य ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से अपराधों की रोकथाम, आपसी समन्वय और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना है। समिति के सदस्य पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर बड़े बचेली पंचायत के सरपंच गोविंद कुंजाम एवं पंचायत के पंचगण उपस्थित रहे। वहीं तहसीलदार महेश कश्यप एवं पुलिस विभाग की ओर से एसडीओपी कमलजीत पाटले तथा थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी प्रकार की आशंका या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। बैठक का समापन आपसी सहयोग और समन्वय के संकल्प के साथ किया गया। स्थानीय लोगों ने भी ग्राम रक्षा समिति के गठन का स्वागत करते हुए पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला जिपं सदस्य सुलोचना कर्मा का समर्थन

- कहा कांग्रेस की सरकार आएगी तो हम आपकी सभी मांगों को करेंगे पूरा.

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 1 मार्च।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर किए जा रहे दो दिवसीय हड़ताल आंदोलन को समर्थन देने पहुंची जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, साथ ही कांग्रेस पार्टी का खुला एवं पूर्ण समर्थन होने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के आने के बाद हम आपकी जायज मंगोल अवश्य पूरा करवाएंगे। हड़ताल के दौरान जिले भर से पहुंची आंगनवाड़ी बहनों ने शासन के समक्ष अपनी तीन प्रमुख मांगें प्रमुखता से रखीं – शासकीय कर्मचारी का दर्जा, सम्मानजनक वेतनमान तथा सामाजिक सुरक्षा की गारंटी। इस अवसर पर महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि ÷आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं समाज की नींव मजबूत करने का कार्य करती हैं। बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य और पोषण की जिम्मेदारी इनके कंधों पर है। इसके बावजूद इन्हें उचित मान-सम्मान और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कांग्रेस पार्टी हर दम इनके साथ खड़ी है और इस आंदोलन का पूरा समर्थन करती है। जब तक इनकी जायज़ मांगें पूरी नहीं होंगी, हम इनके संघर्ष में मजबूती से साथ रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए आंगनवाड़ी बहनों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना चाहिए। शासकीय कर्मचारी का दर्जा, ?26,000 एवं ?22,100 वेतनमान तथा सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, ग्रेच्युटी एवं बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा की मांग पूरी तरह उचित है। आंदोलन स्थल मे उपस्थित समस्त आंगनबाडी कार्यकर्त्ता एवं सहायिकाओ को जिला महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा शर्मा जी एवं जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के महामंत्री श्री रविश सुराना जी ने भी संबोधित कर अपना समर्थन उन सभी को दिया और आश्वास्त किया कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से आप सबके साथ है एवं भविष्य में कांग्रेस सरकार आती है तो हम अपनी सरकार से भी आप सभी की मांगों को पूरी करने के लिए आप के साथ मिलकर पूरा प्रयास करेंगे। आप के साथ दंतेवाड़ा नगरपालिका मे पार्षद श्रीमती इंद्रा ठाकुर जी, गीदम ब्लॉक कांग्रेस सचिव श्री अरुण मंसूरे जी एवं आईटी सेल जिला सचिव श्री ऋषभ सुराना जी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है, और कांग्रेस पार्टी उनके हक की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी रहेगी।



## कृपालु महाराज के अनुयायियों ने दुर्गा मंच में खेली फूलों की होली

- पातररास में हुआ भजन सत्संग का आयोजन सोल्लास किया गया
- मोहल्लेवासियों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 1 मार्च।** वृंदावन में प्रसिद्ध प्रेम मंदिर के संस्थापक एवं प्रख्यात आध्यात्मिक गुरू, कथावाचक कृपालु महाराजजी के अनुयायियों द्वारा आज 01 मार्च को नगर के पातररास स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंच में होली मिलन एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम का भक्तिमय आयोजन किया गया। उक्त भजन कार्यक्रम में भारी संख्या में मोहल्वासियों भी शामिल हुए। भजन सत्संग के समापन उपरांत कृपालु महाराज ही के अनुयायियों ने होली के पावन अवसर पर आपस में फूलों की होली भी खेली। भक्तों ने अपने अपने घरों से बड़ी संख्या में फूल लेकर पहुंचे थे जहां सभी लोगों ने खुशियां मनाते हुए अपने गुरू कृपालु महाराज को याद कर केक काटा और फूलों की होली खेली और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। वृंदावन में तो पखवाड़े भर पूर्व ही होली की शुरूआत हो जाती है। दंतेवाड़ा में भी कृपालु महाराज के भक्त होली मनाने में पीछे नहीं रहे और आज सभी भक्तों ने मिलकर जमकर फूलों की होली खेली। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व कृपालु महाराज के अनुयायी श्रीमती रत्नाकर पंकजधर, दीपंकर धर परिवार द्वारा किया गया था। इस दौरान कमल सिंह जिया, साधना सिंह, उषा भंडारी, शुशबू ठाकुर, ललिता टीजी स्वामी, जी सुत्रिता कागदेलवार, दीपाली मंडल, समेत कई अन्य महिलाएं शामिल रही।



## समावेशी शिक्षा अंतर्गत 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 1 मार्च।** राज्य परियोजना कार्यालय, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2025-26 में प्राप्त स्वीकृति के आधार पर तथा कलेक्टर दंतेवाड़ा के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन जिला अधिकारी के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों से संबंधित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गीदम स्थित सक्षम बालक आवासीय विद्यालय, जावंगा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समावेशी, सहयोगात्मक एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण विकसित करना था, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जिले की चिन्हांकित 55 शालाओं के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया, जिनके साथ समावेशी शिक्षा की नीतियों, विद्यालय स्तर पर संसाधनों के प्रबंधन, व्यक्तिगत शैक्षणिक योजना (ढ्ढश्वक्र) निर्माण तथा शाला विकास योजना में दिव्यांग बच्चों के समावेश पर विस्तार से चर्चा की गई।

द्वितीय दिवस 55 शालाओं के शिक्षकों को विशेष शिक्षण पद्धतियों, सहायक शिक्षण सामग्री के उपयोग, कक्षा में व्यवहार प्रबंधन, लर्निंग आउटकम आधारित शिक्षण तथा विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं की पहचान एवं सहयोगात्मक रणनीतियों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तृतीय दिवस अभिभावक/पालकों के लिए आयोजित सत्र में दिव्यांग बच्चों के अधिकार, घर-विद्यालय समन्वय, नियमित उपस्थिति, पुनर्वास सेवाओं तथा सहायक उपकरणों के उपयोग के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह ठाकुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ ही समावेशी शिक्षा शाखा के सहायक परियोजना समन्वयक सुरजीत सिंह एवं सहायक परियोजना समन्वयक (वित्त) राजेन्द्र पांडेय की सक्रिय सहभागिता रही।

#### जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता-2026 में

# 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने उत्साह से लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 1 मार्च।** माय भारत जिला युवा केंद्र दंतेवाड़ा एवं शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता 2026 का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी वक्तृत्व कला, तार्किक क्षमता एवं नेतृत्व कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर जी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता जी तथा जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री राहुल असरानी जी उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने, सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।




कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ श्री सुरेश कुमार यादव ने इस वर्ष निर्धारित विषय पर अपने गंभीर एवं सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने युवाओं को संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं एवं समसामयिक मुद्दों की समझ विकसित करने का आह्वान किया।

नोडल अधिकारी श्रीमती अर्चना झा ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की विशेषताओं, उद्देश्य तथा चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह मंच युवाओं को अपनी अभिव्यक्ति, नेतृत्व क्षमता और नीति-निर्माण की समझ को विकसित करने का सशक्त अवसर प्रदान करता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एम. प्रसाद ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यूथ पार्लियामेंट जैसे आयोजन युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन और तर्कशीलता का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने समस्त अतिथियों, मुख्य वक्ता, नोडल अधिकारी, माय भारत युवा केंद्र दंतेवाड़ा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जिले से आए सभी प्रतिभागियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम पाँच प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर नितेश अधिकारी,प्रियंका बेहरा,शैलेन्द्र सिंह,विशेष सिंह,गौरव भवानी, बालकृष्णा,आर्यन शर्मा,दीपेश पटेल, महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ तथा युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति नई ऊर्जा एवं जागरूकता का संचार हुआ।



**दंतेवाड़ा 1 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य सड़क किनारे स्थित दंतेश्वरी सरोवर पार्क में आज दोपहर अचानक आग लग गई। इस आगजनी से पार्क में लगे आग से करीब 14 पेड़ बुरी तरह से झुलस गए । नगर पालिका एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी है जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया। इस आगजनी में कहीं किसी के जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ मगर कई पेड़ इसकी जद में आकर झुलस गए। आग किस वजह से लगी अभी इसका पता नहीं लग पाया है।

### जिला जेल रायगढ़ का कलेक्टर व एसपी ने निरीक्षण कर

# बंदियों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 1 मार्च।** जिला जेल रायगढ़ का आज प्रातः कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह ने संयुक्त रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंध, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सेवाएं तथा बंदियों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का विस्तार से अवलोकन किया गया।

अधिकारियों ने विभिन्न बैरकों का भ्रमण कर बंदियों से सीधे संवाद स्थापित किया। बंदियों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, अधिवक्ता से मुलाकात की व्यवस्था तथा निःशुल्क कानूनी सहायता से जुड़े विषय अधिकारियों के समक्ष रखे गए। कलेक्टर एवं एसएसपी ने सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के क्रम में पूर्व में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर की जानकारी भी ली गई। शिविर के दौरान नेत्र रोग से पीड़ित बंदियों को चश्मों का वितरण किया गया था। साथ ही अस्वस्थ बंदियों को फल वितरित कर स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील पहल का परिचय दिया गया। अधिकारियों ने चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया।

जेल परिसर में उपस्थित बंदियों के परिजनों से भी चर्चा की गई। परिजनों ने मुलाकात व्यवस्था को सहज बनाने तथा प्रतीक्षा अवधि घटाने का आग्रह किया। इस पर अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को और अधिक व्यवस्थित एवं सुचारू बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बंदियों के अधिकारों की रक्षा, सुधारात्मक वातावरण का निर्माण तथा मानवीय दृष्टिकोण अपनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने सुरक्षा प्रबंधों को सतत सुदृढ़ रखने और निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के अंत में जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हों तथा नियमित समीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक गोवर्धन सिंह सोरी और एसडीएम महेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला जेल में 5 दिवसीय योग शिविर का समापन



**रायगढ़, 1 मार्च।** जिला जेल रायगढ़ में पांच दिवसीय योग शिविर आज उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य बंदियों को मानसिक शांति, शारीरिक सुदृढ़ता और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जेल परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान अभ्यास कराए गए। बंदियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। नियमित अभ्यास के माध्यम से तनाव मुक्ति, एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया। समापन कार्यक्रम में जेल अधीक्षक श्री जी.एस.शोरी ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक तनाव को कम कर आत्मअनुशासन, धैर्य और सकारात्मक सोच का विकास करता है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्यवर्धक एवं सुधारात्मक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में योग प्रशिक्षक राजेश कुमार कन्नौजे का सम्मान किया गया। बंदियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योग अभ्यास से उन्हें आंतरिक शांति, नई ऊर्जा और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ है। पांच दिवसीय योग शिविर के दौरान जेल परिसर में सकारात्मकता एवं आत्मविश्वास का वातावरण सुदृढ़ हुआ।

## एक नजर

### कुकरैल में नवनिर्मित तहसील भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**धमतरी,1 मार्च।** जिले के कुकरैल में नव निर्मित तहसील कार्यालय भवन का आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तहसील से लाभान्वित होने वाले गांवों की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से ली तथा नागरिकों को बेहतर और सुगम राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।कलेक्टर ने भवन में शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए विशेष रूप से विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण कर भवन को जल्द से जल्द हैंडओवर किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को तहसील कार्यालय की सुविधाएं शीघ्र मिल सकें।उन्होंने कहा कि नवीन तहसील कार्यालय शुरू होने से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए दूरस्थ स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा और समय व संसाधनों की बचत होगी।

### महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक में दिए कई निर्देश

**धमतरी, 1 मार्च।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक दिनांक 24 फरवरी 2026 को जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री गजेंद्र ठाकुर ने की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में यूनिसेफ के अधिकारियों की उपस्थिति रही। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम को निर्देशित किया कि सैम बच्चों की स्क्रीनिंग के बाद तत्काल उपचार सुनिश्चित किया जाए। आरबीएसके टीम द्वारा चिन्हित एनीमिक बच्चों का नियमित फॉलोअप किया जाए तथा सुपरवाइजर की उपस्थिति में दवा सेवन कराया जाए। ठाकुर ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के आंकड़ों में कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं की संख्या में किसी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए। अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में वर्तमान कुपोषण दर 8.23 प्रतिशत है। सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र ठाकुर ने बैठक में समस्त सीडीपीओ एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विकासखण्ड स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित कर संयुक्त कार्ययोजना तैयार करें तथा नवाचार आधारित गतिविधियों के माध्यम से कुपोषण उन्मूलन की दिशा में प्रभावी पहल करें।

### किसान जशवंत साहू ने मोबाइल पर आए पैसे के मैसेज को दिखाकर जाहिर की खुशी

**राजनांदगांव, 1 मार्च।** राज्य शासन द्वारा संचालित कृषक उन्नति योजना किसानों के जीवन में आर्थिक संबल प्रदान करते हुए उनकी स्थिति को मजबूत बना रही है। योजना के अंतर्गत धान विक्रय करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अंतर की एकमुश्त राशि प्रदान की गई है, जिससे किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ खेती-किसानी को भी आगे बढ़ा रहे हैं।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत धान विक्रय करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अंतर की राशि प्रदान की है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। जिला स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत गांधी सभागृह राजनांदगांव में आयोजित आदान सहायता राशि वितरण समारोह कार्यक्रम में पहुंचे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला निवासी किसान श्री जशवंत साहू ने बताया कि उन्हें कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर की एकमुश्त राशि सीधे खाते में 1 लाख 92 हजार 184 रूपए प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें आर्थिक सहारा मिला है। किसान श्री साहू ने अपना मोबाईल दिखाते हुए मैसेज दिखाकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए खेतिहर जमीन खरीदने में करना चाहते हैं, ताकि भविष्य में उनकी आय में और वृद्धि हो सके।किसान श्री साहू ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 264 क्विंटल धान समर्थन मूल्य में धान खरीदी केन्द्र में किया था। उन्होंने कहा कि सोसायटी में किसानों के लिए बहुत अच्छी सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। किसानों को उनके उपज का सही मूल्य मिल रहा है। कृषक उन्नति योजना एवं समर्थन मूल्य से किसानों की आर्थिक उन्नति हो रही है। किसान श्री साहू ने बताया कि वे फसल विविधीकरण को अपनाते हुए गेहूं, सरसों एवं मसूर जैसी फसलों की खेती कर रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना से किसानों की तकदीर बदल रही है ।और अब किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर मूल्य मिल रहा है।

# असुरक्षित घोषित टाटा संपन्न फाइन बेसन के विक्रय, वितरण एवं भंडारण पर धमतरी जिले में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध

**धमतरी, 1 मार्च।** खाद्य सुरक्षा के प्रति सतर्कता बरतते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा असुरक्षित पाए गए खाद्य उत्पाद पर त्वरित कार्रवाई की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला महासमुंद (छत्तीसगढ़) द्वारा टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, बिशप लेफाय रोड, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) द्वारा विनिर्मित टाटा संपन्न फाइन बेसन का खाद्य नमूना गुणवत्ता परीक्षण हेतु संकलित किया गया था।उक्त नमूना (पैक साइज 500 ग्राम) प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विनिर्माता फर्म को उत्पाद रिकॉल हेतु आयुक्त, खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा पूर्व में ही पत्र प्रेषित किया जा चुका है, ताकि बाजार में उपलब्ध संबंधित बैच के उत्पाद को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जा सके।खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 36 (3) (ख) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अभिहित अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला धमतरी श्री सर्वेश कुमार यादव द्वारा आदेश जारी कर उक्त खाद्य पदार्थ टाटा संपन्न फाइन बेसन के विक्रय, वितरण एवं भंडारण को धमतरी जिले की समस्त सीमाओं में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने समस्त थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे संबंधित बैच के उत्पाद का विक्रय तत्काल बंद कर उपलब्ध स्टॉक को पृथक सुरक्षित रखें तथा विभागीय अधिकारियों को इसकी सूचना दें। आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि यदि उनके पास उक्त बैच क्रमांक का उत्पाद उपलब्ध हो तो उसका उपयोग न करें तथा निकटतम खाद्य सुरक्षा अधिकारी अथवा खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में जानकारी प्रदान करें। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में सतत निरीक्षण एवं सघन जांच अभियान जारी रखा जाएगा, जिससे आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जा सकें।

# रेलवे स्टेशन से 12 लाख का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 मार्च।** दुर्ग में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी पर अंकुश लग नहीं पा रहा है दुर्ग रेलवे स्टेशन पर फिर एक बार 12 लाख रुपए से ज्यादा का गांजा बरामद किया गया है.इस मामले में दो तस्करों की गिरफ्तारी हुई है.आरपीएफ की मानें तो यह गांजा ओडिशा से लाकर दुर्ग से कटनी ले जाया जा रहा था लगातार धरपकड़ और कार्यवाही के बावजूद गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी जारी है भिलाई - दुर्ग शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी मात्रा में गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ खपाए जा रहे हैं आरपीएम दुर्ग द्वारा दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को 25 किलो 435 ग्राम सहित गिरफ्तार किया गया है बरामद गांजा की कीमत 12 लाख 71 हजार 750 रुपए आंकी गई है को दुर्ग आरपीएम द्वारा ऑपरेशन नरकोश के तहत मुखबीर की सूचना पर दुर्ग स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं 2-3 में उड़ीसा से दुर्ग पहुंच कटनी रेलवे स्टेशन जाने हेतु इंतजार कर रहे दो युवकों को 25 किलो 435 ग्राम अवैध मादक पदार्थ 4 बैग से बरामद कर विधिवत कार्यवाही किया




गया। पूछताछ में दोनों आरोपीयों ने बताया कि बरामद गांजा को ओडिशा से खरीदकर कटनी बेचने के लिए जा रहे थे कार्यवाही में पकड़े गए दोनों आरोपीयों व जप्त शुदा मादक पदार्थ गांजा सहित विधिवत कार्यवाही उपरांत एनसीबी, रायपुर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। जिस पर उनके द्वारा एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 20 (बी) के अधीन मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया गौरतलब रहे कि भिलाई - दुर्ग में भी भारी मात्रा में गांजा खपता रहा है। यहां पर भी ओडिशा से ही तस्करी के जरिए गांजा पहुंचता है ट्रेन के माध्यम से ओडिशा से गांजा लाकर शहर के विभिन्न ठिकानों पर पहुंचाया जाता है। इसके अलावा ओडिशा से गांजा की खेप भिलाई - दुर्ग तक लाने के बाद छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के विभिन्न शहरों तक पहुंचाने का भी खेल लंबे समय से चलने की खबर है बीते कल दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दो युवकों से जप्त गांजे की तस्करी के तार भी भिलाई - दुर्ग से जुड़े होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है।

# गट्टासिल्ली में महिला स्व-सहायता समूह की दोना-पत्तल एवं वाशिंग पाउडर इकाई का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

धमतरी, 1 मार्च। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज नगरी विकासखंड के ग्राम गट्टासिल्ली का दौरा कर जय मां लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित दोना-पत्तल एवं वाशिंग पाउडर निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की उपलब्धता, विपणन व्यवस्था तथा समूह की आय-व्यय की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने दोना-पत्तल निर्माण में उपयोग किए जाने वाले पत्तों के संग्रहण, मशीनों की कार्यप्रणाली तथा तैयार उत्पाद की स्थानीय बाजारों में खपत की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर यह भी जाना कि समूह से जुड़कर उनकी मासिक आय में किस प्रकार वृद्धि हुई है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती शिवरात्रि विश्वकर्मा ने बताया कि दोना-पत्तल निर्माण हेतु आसपास के गांवों से पत्ते एकत्रित किए जाते हैं तथा तैयार उत्पाद को ग्राम स्तर और समीपस्थ बाजारों में विक्रय किया




जाता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वाशिंग पाउडर निर्माण इकाई का अवलोकन करते हुए उत्पादन लागत, कच्चे माल की आपूर्ति, पैकेजिंग एवं विपणन तंत्र की जानकारी ली। समूह द्वारा बताया गया कि कच्चा माल रायपुर से मंगाया जाता है और तैयार उत्पाद को आकर्षक पैकेजिंग के साथ स्थानीय दुकानों में उपलब्ध कराया जाता है, जिससे महिलाओं को नियमित आय प्राप्त हो रही है। कलेक्टर ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लघु उद्यम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके पश्चात कलेक्टर मिश्रा ने गट्टासिल्ली स्थित एफपीओ सेंटर का निरीक्षण किया। प्रबंधन समिति द्वारा अवगत कराया गया कि समूह जैविक खेती को बढ़ावा दे रहा है, परंतु वर्तमान पैकेजिंग मशीन सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही है। इस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने समिति को नई पैकेजिंग मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार विस्तार में सहायता मिल सकेगी। उन्होंने एफपीओ को उत्पादों की बेहतर लेबलिंग, एफएसएसएआई पंजीयन (जहां आवश्यक हो) तथा डिजिटल विपणन प्लेटफॉर्म से जुड़ने की दिशा में भी पहल करने की सलाह दी। कलेक्टर ने उपस्थित महिलाओं को शासन की विभिन्न स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन योजनाओं से जुड़कर उत्पादन क्षमता बढ़ाने, बैंक लिंकेज मजबूत करने तथा समूह आधारित उद्यमों का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया।

### वादा हुआ पूरा, खुशहाल हुए प्रदेश के अन्नदाता

**दुर्ग, 1 मार्च।** छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना प्रदेश के अन्नदाताओं के लिए खुशहाली और आर्थिक सशक्तिकरण का नया आधार बन गई है। उक्त योजना के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज प्रदेश के लाखों किसानों के बैंक खातों में सीधे आदान सहायता राशि (अंतर की राशि) हस्तांतरित की। इस महत्वपूर्ण पहल से विकासखंड दुर्ग अंतर्गत ग्राम कातरो के प्रगतिशील किसान श्री द्वारिका बेहद उत्साहित हैं, उन्होंने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा सरकार ने जो वादा किया था, कि त्यौहार के पूर्व अंतर की राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित कर दी जाएगी, आज इस वादे को पूरी ईमानदारी से पूरा किया है।

# स्कूली बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान जारी

**दुर्ग, 1 मार्च।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में आधार कार्ड के सुदृढ़ीकरण और बच्चों के डेटा अपडेशन के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (मेन्डेटरी बायोमेट्रिक अपडेट - एमबीयू) अभियान चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में जिले में कुल 23,905 मामले लंबित हैं, जिन्हें समय सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले चार महीनों से विभिन्न स्कूलों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अब तक 50,000 से अधिक बच्चों का सफलतापूर्वक बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है।

इस अभियान की समग्र प्रगति आकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 तक जिले में कुल 1,549 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से 52,742 बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पूर्ण किया गया है। इसके अतिरिक्त, 495 नए आधार कार्ड बनाए गए हैं और 7,047 अन्य आधार सुधार (अदर अपडेशन) के कार्य भी संपन्न किए गए हैं। फरवरी माह की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, 16 फरवरी 2026 से पुनः शुरू हुए विशेष शिविरों के जरिए अब तक 4,871 बच्चों का एम.बी.यू. और 339 बच्चों का आधार अपडेट किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा 31 मार्च 2026 तक जिले के कुल 410 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में शिविर लगाने की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

# खाद्य विभाग ने महासमुंद, बागबाहरा एवं तुमगांव क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूना जांच की कार्रवाई की

**महासमुंद 1 मार्च ।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में होली पर्व के मद्देनजर मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान का विस्तार किया गया है। अभियान के तहत 28 फरवरी को महासमुंद, बागबाहरा एवं तुमगांव क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर दबिश देकर निरीक्षण एवं नमूना जांच की कार्रवाई की गई।विभागीय टीम द्वारा तेंदूकोना स्थित विजय किराना स्टोर्स से बेसन एवं मैदा के विधिक नमूने संकलित कर



राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। वहीं महासमुंद के भवानी मिष्ठान से कलाकंद, सेव, बूंदी लड्डू एवं पेड़ा के नमूने निगरानी के आधार पर जांच हेतु प्रेषित किए गए। इसी क्रम में तुमगांव स्थित शिवा होटल से मैदा, पनीर, बूंदी एवं कलाकंद के सर्विलांस नमूने लिए गए, ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित की जा सके।इसके अलावा, तुमगांव स्थित साईं होटल एवं ज्ञानी फैमिली ढाबा का भी सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालकों को साफ-सफाई, खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। विभाग ने निर्देश दिए है कि त्योहारों के दौरान मिलावट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी और आम जनता को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान लगातार

# कृषक उन्नति योजना के तहत होली से पहले किसानों के खाते में आए पैसे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 1 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने होली के त्योहार से ठीक पहले प्रदेश के अन्नदाताओं की झोली खुशियों से भर दी है। शनिवार को बिलासपुर जिला के विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत ग्राम रहंगी में आयोजित आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं वृहद किसान सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने एक सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की। कृषक उन्नति योजना के तहत अकेले रायगढ़ जिले के 72,693 किसानों को 349 करोड़ 59 लाख रुपए की सौगात मिली है। जैसे ही मोबाइल पर राशि जमा होने के संदेश पहुंचे, वैसे ही जिले के किसानों में उत्साह का माहौल देखा गया।

इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन किसानों के सम्मान और स्वाभिमान का दिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत का वादा धरातल पर उतर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने वादा किया था कि किसान भाई होली



का त्योहार धूमधाम से मना सकें, इसलिए त्योहार से पहले यह राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष न तो बारदाने की कमी हुई और न ही भुगतान में देरी।

### डबल इंजन सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील:देवेंद्र प्रताप सिंह

नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने सत्ता संभालते ही गरीब एवं जरूरतमंदों को पात्रतानुसार 18 लाख आवास स्वीकृति, प्रति एकड़ 21 क्विंटल एवं प्रति क्विंटल 3100 रुपए की दर पर धान खरीदी और महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना जैसे वादों को पूरा किया है।

नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा कि होली से पहले किसानों को मिली यह राशि उनकी खुशियों को दोगुना करेगी और आगामी खरीफ फसल की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो ने कहा कि किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है और अब उन्हें साहूकारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा। श्री गोपाल अग्रवाल ने कहा कि शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और किसानों को मिली सहायता राशि सरकार के संकल्प का प्रमाण है। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुजाता चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने सभी वादे निभा रही है और किसान हित सर्वोपरि है। सभापति श्री डिग्रीलाल साहू ने कहा कि किसानों को बेहतर समर्थन मूल्य और समय पर भुगतान मिल रहा है, जिससे वे समृद्धि की ओर अग्रसर हैं।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि जिले के 72,693 किसानों को कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि प्रदान की गई है, जिससे उनकी होली की खुशियां बढ़ेंगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले सभी विकासखंड मुख्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों में उत्साह का माहौल रहा। उप संचालक कृषि श्री अनिल वर्मा ने बताया कि धान बोनस की राशि एकमुश्त किसानों के खातों में जमा की गई है। उन्होंने बताया कि धरमजयगढ़ विकासखंड में 13,802 किसानों के खातों में 73.53 करोड़ रुपए, पुसौर में 16,115 किसानों के खातों में 73.34 करोड़ रुपए, खरसिया में 13191 किसानों के खातों में 59.32 करोड़, रायगढ़ के 10378 किसानों के खातों में 49.12 करोड़, तमनार 6190 किसानों के खातों में 25.28 करोड़ रुपए, घरघोड़ा 4613 किसानों के खातों में 23.81 करोड़ रुपए और लैलूंगा के 8404 किसानों के खातों में 45.19 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। कृषक उन्नति योजना के तहत मोटा धान पर 731 रुपए और पतला धान पर 711 रुपए प्रति क्विंटल की दर से यह सहायता प्रदान की गई है।

### किसानों को पुष्पहार और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान जब किसानों को अंतरण प्रमाण पत्र देकर और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया, तो उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। ग्राम तरेकेला के तुषार चौधरी के खाते में 6 लाख 93 हजार रुपए की बोनस राशि आई है। तुषार ने गदगद होकर कहा कि इतनी बड़ी राशि से उनके घर के सारे अधूरे काम पूरे हो जाएंगे। वहीं, कोतरा के पुष्पेंद्र मोहन पटेल को 4.88 लाख रुपए और ननसिया के लक्ष्मण पटेल को 2.50 लाख रुपए प्राप्त हुए। इन किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने होली से पहले यह राशि देकर उनके त्योहार के रंगों को और भी गहरा कर दिया है। अब वे अगली फसल की तैयारी और भी उत्साह के साथ करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामश्याम डनसेना, श्रीकांत सोमावार, सुभाष पाण्डेय,रत्थू गुप्ता, पावन अग्रवाल, श्रीमती मधु पटेल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री साय ने महिला कृषक बसंती को प्रोत्साहन राशि मिलने पर दी बधाई

**रायपुर, 1 मार्च।** जगदलपुर के वीर सावरकर भवन में आयोजित आदान सहायता राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान बिलासपुर जिले से वर्चुअल तौर पर जुड़े मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तर जिले के मुंडापाल की महिला कृषक बसंती कश्यप से रूबरू होकर उन्हें समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रोत्साहन राशि मिलने की बधाई देते हुए उक्त राशि के उपयोग के बारे में पूछा। इस पर बसंती कश्यप ने बताया कि उनके परिवार में साढ़े तीन एकड़ पैतृक कृषि भूमि है जिसमें धान की उन्नत खेती करते हैं। इस वर्ष 50 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर विक्रय किए थे, जिसकी एक लाख 18 हजार रुपए राशि तुरंत बैंक खाते में जमा हुई थी। जिससे आवास बनाने और खेती किसानी के लिए उपयोग किए। आज जो प्रोत्साहन राशि 36 हजार रुपए मिली है उसे कुक्कुटपालन के विस्तार सहित होली त्योहार मनाने के लिए उपयोग करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया। उन्होंने बताया कि उनका परिवार खेती किसानी के साथ ही कुक्कुटपालन भी कर रहा है जिससे अच्छी आमदनी हो रही है। इसे मद्देनजर रखते हुए अब अपने कुक्कुटपालन गतिविधि को और ज्यादा बढ़ाने का निर्णय लिया है और अब 300 से अधिक कुक्कुट रखेंगी। जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा आमदनी हो। उन्होंने शासन की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, महतारी वंदन योजना से भी लाभान्वित होने की जानकारी देते हुए किसान हितैषी फैसलों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया।

### जगदलपुर के वृहद किसान सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा हुए शामिल

**रायपुर, 1 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर से प्रदेश के 25 लाख किसानों को 10 हजार 328 करोड़ रुपए से अधिक राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित किया। इस कार्यक्रम में वर्चुअली जगदलपुर के वीर सावरकर भवन में आयोजित आदान सहायता कार्यक्रम एवं वृहद किसान सम्मेलन से उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतर की राशि को एकमुश्त देकर किसानों की होली त्योहार की खुशी को दुगुनी कर दी है। राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए संवेदनशील होकर पहल कर रही है और वर्तमान बजट में भी उनकी सहायता के लिए अनेक किसान हितैषी प्रावधान किया गया है। जिससे किसानों को उन्नत खेती किसानी के लिए सहूलियत होगी। उन्होंने सहकार से समृद्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि बस्तर में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने सहित लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के लिए सहकारी समितियों एवं महिला स्व सहायता समूहों को हरसंभव मदद देने, सिंचाई संसाधनों को बेहतर बनाने प्रयास किया जा रहा है ताकि यहां के निवासियों की आमदनी बढ़े और बस्तर की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो। उन्होंने बस्तर की बेहतरी और तरक्की में समाज की व्यापक सहभागिता पर जोर देते हुए इस दिशा में सभी को मिलजुल कर कार्य करने का आव्हान किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक श्री किरण देव ने हल्बी में संबोधित करते हुए किसानों को होली त्योहार की हार्दिक बधाई दी और कहा कि हमारी सरकार के निर्णय से किसानों के परिवारों में उत्सव का माहौल है उनकी होली की खुशियां बढ़ गई है। यह हमारी सरकार की किसान हितैषी सकारात्मक प्रयास है।

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 21 किमी सड़क का होगा निर्माण

**रायपुर, 1 मार्च।** राज्य शासन ने बिलासपुर जिले में 4 सड़कों के लिए 46 करोड़ 65 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में करीब 21 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। लोक निर्माण विभाग ने बिलासपुर में पेण्ड्रीडीह चौक से नेहरू चौक मार्ग के लिए 40 करोड़ 79 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 15.38 किमी सड़क का मजबूतीकरण किया जाएगा। विभाग ने बिलासपुर में एनएच-130ए से नेहरू चौक उसलापुर पुल तक 3.20 किलोमीटर में सड़क निर्माण के लिए 4 करोड़ 25 लाख 21 हजार रुपए भी मंजूर किए हैं। लोक निर्माण विभाग ने बिलासपुर जिले में परसाही से धनपुर मार्ग में 1.10 किमी सड़क के निर्माण के लिए 97 लाख रुपए तथा सेंदरी बस स्टैंड से रमतला मार्ग में 1.20 किमी सड़क के लिए 63 लाख 38 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

# शासकीय स्कूल पंडरीपानी के बच्चों ने किया राजधानी रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 1 मार्च।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला पंडरीपानी माल के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यापक दृष्टिकोण निर्माण के उद्देश्य से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा शिक्षक स्टाफ के सहयोग से राजधानी रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक स्थलों का अवलोकन कर ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किया। भ्रमण की शुरुआत पुरखौतीन मुक्तांगन (नया रायपुर) से हुई, जहां विद्यार्थियों ने स्वल्पाहार के पश्चात छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, पारंपरिक नृत्य एवं विविध गतिविधियों का अवलोकन किया। यहां प्रदर्शित सांस्कृतिक धरोहरों ने बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को नवनिर्मित आदिवासी संग्रहालय ले जाया गया, जहां छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली से संबंधित प्रदर्शनों को बच्चों ने बड़े उत्साह और जिज्ञासा के साथ देखा। कक्षागत विषयों से जुड़ी जानकारियों को जीवंत रूप में देखना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव रहा। शिक्षकों के साथ चर्चा करते हुए बच्चों ने अपने गांव-घर की संस्कृति से समानताएं भी साझा कीं।

भोजन के पश्चात भ्रमण की अगली कड़ी में विद्यार्थियों ने ऊर्जा पार्क का आनंद लिया। यहां झूले, फिसलपट्टी, फव्वारा गार्डन एवं अन्य खेल साधनों के माध्यम से बच्चों ने अपने पालकों एवं शिक्षकों के साथ खुशनुमा समय व्यतीत किया। इस दौरान नृत्य, चुटकुले और हंसी-मजाक से वातावरण आनंदमय बना रहा। भ्रमण की अंतिम कड़ी में विद्यार्थियों ने सर्वधर्म समभाव का संदेश देने वाले शदाणी दरबार के दर्शन किए। यहां बच्चों ने शांति का अनुभव करते हुए संतों के उपदेशों और उनके सामाजिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास को गति देने के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना और शिक्षा को समाजहित में आगे बढ़ाना रहा। इस आयोजन में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, पालकों तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही। सुव्यवस्थित संचालन के कारण यह शैक्षणिक भ्रमण सफल एवं यादगार रहा।

### पुलिस ने हत्या की गुत्थी कुछ घंटों में सुलझाई

# खरोरा हत्याकांड में पत्नी-प्रेमी ने रची थी साजिश,4 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 1 मार्च।** ग्राम खरोरा के युवक किशोर सारथी (27 वर्ष) की संदिग्ध मौत के मामले में खरोरा पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना में प्रयुक्त थार वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। मामला प्रेम-प्रसंग में रची गई सुनियोजित हत्या का निकला।

**सड़क किनारे मिला था युवक का शव:** दिनांक 28 फरवरी 2026 को प्रार्थी भागवत सारथी, निवासी ग्राम खसेरा, थाना खरोरा ने थाने में सूचना दी कि उसके छोटे भाई किशोर सारथी का शव ग्राम मांठ स्थित सागौन वाटिका के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना खरोरा पुलिस ने मर्ग इंटिमेशन क्रमांक 36/2026 धारा 194 बी.एन.स.सं. के तहत कार्यवाही करते हुए डॉग स्क्वाड और एफएसएल टीम को बुलाया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई और बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर शव को घसीटकर फेंका है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिस्थितिजन्य साक्ष्य से हत्या की पुष्टि:** शव परीक्षण व घटनास्थल निरीक्षण के बाद पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या के सबूत मिले। इसके आधार पर अपराध क्रमांक 125/2026 धारा 103(1) भा.न्या.सं. के तहत हत्या का अपराध दर्ज किया गया।

**पुलिस अधीक्षक ने दिया त्वरित कार्रवाई का निर्देश:** घटना को गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक रायपुर (ग्रामीण) श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मित्तल के मार्गदर्शन में थाना खरोरा पुलिस ने जांच तेज की।

**पत्नी की पूछताछ में सामने आया चौंकाने वाला सच:** पूछताछ में मृतक की पत्नी ने स्वीकारा कि उसका पिछले कुछ महीनों से लिलेश उर्फ मुरू उर्फ कुलदीप नामक युवक के साथ प्रेम-प्रसंग था। पति को इस बात की जानकारी मिल जाने से घर में आए दिन विवाद होता था। इसी से परेशान होकर पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर हत्या की साजिश रची।

**हत्या की पूरी योजना — ऐसे दिया घटना को अंजाम:** 27 फरवरी 2026 की रात लगभग 9 बजे पत्नी ने किशोर को बहन को लाने के बहाने ग्राम बिठिया भेजा। इधर, आरोपी लिलेश, उसके साथी अजय राज उर्फ राहुल, और देवेंद्र देवांगन पहले से ही एक थार वाहन में घात लगाए बैठे थे। जैसे ही किशोर मृतक उस मार्ग से गुजरा, ग्राम मांठ-तिल्दाडीह रोड स्थित सागौन वाटिका के सामने आरोपियों ने मोटरसाइकिल को जबरन टक्कर मार दी और गंभीर चोट पहुँचाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद मामले को दुर्घटना जैसा दिखाने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस की सूझबूझ और तेजी से की गई कार्रवाई ने पूरी साजिश का भंडाफोड़ दिया। चारों आरोपी गिरफ्तार, धारा 61(2) भा.न्या.सं. जोड़ी गई हत्या की साजिश पुख्ता होने पर पुलिस ने धारा 61(2) भा.न्या.सं. भी जोड़ी।

**थाना खरोरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना:** गंभीर हत्या मामले का कुछ ही घंटों में खुलासा कर थाना खरोरा पुलिस ने उत्कृष्ट कार्य किया है। घटना में प्रयुक्त थार वाहन जप्त कर कानूनी कार्यवाही जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी—**

1. लिलेश उर्फ मुरू उर्फ कुलदीप, पिता स्व. कृपाराम कुलदीप, उम्र 27 वर्ष, निवासी खरोरा वार्ड 09
2. अजय राज कुलदीप उर्फ राहुल, पिता तुलाराम कुलदीप, उम्र 21 वर्ष, निवासी सांकरा, थाना धरसीवा
3. देवेंद्र कुमार देवांगन, पिता सुरेश देवांगन, उम्र 22 वर्ष, निवासी सकरा-निमोरा, जागृति नगर, थाना धरसीवा
4. मृतक की पत्नी का नाम पुलिस ने गोपनीय रखा

## सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया ने किया नि:शुल्क गुलाल का वितरण



**रायपुर, 1 मार्च।** होली के पर्व को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के संदेश के साथ मनाने के उद्देश्य से सिंधी काउंसिल ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा लगातार तीसरे दिन निःशुल्क गुलाल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह सेवा कार्यक्रम वी यूनिक कृष्णा ट्रेडिंग, श्री नारायणा हॉस्पिटल के सामने, मंडी रोड देवेंद्र नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला महिला अध्यक्ष एवं हेमू कालड़ी वार्ड की पार्षद कृतिका जैन विशेष रूप से उपस्थित हुईं। उन्होंने कहा कि होली प्रेम और आपसी मेलजोल का त्योहार है। गुलाल वितरण भाईचारे का प्रतीक है, इसे सभी लोग मिलकर प्रेमपूर्वक मनाएं। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ललित जैसिंग, महासचिव सुनील कुकरेजा, उपाध्यक्ष रितेश वाधवा एवं विनय वाधवा ने बताया कि निःशुल्क गुलाल वितरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि होली का रंग हर व्यक्ति तक पहुँचे और समाज में प्रेम, सद्भाव और उत्साह का संदेश फैले। ललित जैसिंग, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, विक्की लोहाना, जीतू मनकानी, चंदू माखीजा, कमलेश शर्मा, राजेश रिलवानी, मोतीराम लुंडवानी, ज्ञानचंद सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित ।

## मेथडोलॉजी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन



**जगदलपुर 1 मार्च।** स्वर्गीय बलिराम कश्यपस्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल जगदलपुर में दिनांक 28 फरवरी 2026 को प्रातः 10:00बजे से रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को शोध की मूलभूत अवधारणाओं, अनुसंधान पद्धति, अध्ययन डिज़ाइन तथा वैज्ञानिक लेखन के विभिन्न आयामों की व्यापक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रघुपति अंचला (एमबीबीएस ङ्क एएफएमसी, डीटीसीएच, एमपीएच ङ्क पिट्सबर्ग, यूएसए, पीएचडी ङ्क कैम्ब्रिज, यूके; डीन अकादमिक एवं प्रोफेसर, एपिडेमियोलॉजी), डॉ. नेहा सिंह (रिसर्च साइंटिस्ट, मेकाहारा) तथा डॉ. शालिनी जैन (सहायक प्राध्यापक, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, डिमरापाल) ने व्याख्यान दिया द्य सभी वक्ताओं ने शोध की आवश्यकता, अनुसंधान योजना निर्माण, डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण, अध्ययन डिज़ाइन तथा शोध पत्र लेखन की प्रक्रिया पर विस्तृत, सारगर्भित एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय बसाक (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर), डॉ. प्रदीप बेक (डीन, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, डिमरापाल, जगदलपुर), डॉ. टीकू सिन्हा (डीन, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, दंतेवाड़ा), डॉ. अनुरूप साहू (मेडिकल सुपरिटेंडेंट, शहीद महेंद्र कर्मा चिकित्सालय, डिमरापाल) तथा डॉ. किशोर ब्रह्मपुरकर (विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन में चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान की बढ़ती आवश्यकता पर विशेष बल दिया|

## होली में हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर और होगी कड़ी कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 1 मार्च।** रंगों का त्योहार होली का पर्व धुमधाम व शांति पूर्वक मनाये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा शाति समिति बैठक थाना प्रागण में आहुत की गई। पुलिस थाना तिल्दा नेवरा में होली पर्व के दौरान शाति व्यवस्था बनाये रखने के लिए चर्चा एवं सुझाव मांगा गया। व्यवस्था को दुरूस्त रखने की बात कही । तिल्दा नेवरा तहसीलदार राम प्रसाद बघेल एडिशनल एसपीवीरेंद्र चतुर्वेदी तिल्दा नेवरा थाना प्रभारीरमाकांत तिवारी ने जनप्रतिनिधियों, व्यापारी, नगरवासी पत्रकारो की उपस्थिति में होली पर्व शांति पूर्वक मनाने के संबंध में चर्चा किया गया जिसमें तीन सवारी बाईक व तेज अवाज से हार्न व भोपु बजाने, मुखौटा पहनने, शराब पीकर हुडदंग

करने के खिलाफकार्यवाही किया जायेगा, किसी के उपर जबरन रंग गुलाल न लगाये सार्वजनिक संपत्ति को किसी प्रकार से नुकसान पहुँचाना अपराध है जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि होलिका दहन के पूर्व ही वार्ड प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधी अपने मोहल्लेवासीयों से होली शाति से मनाने की अपील कर दें पुलिस शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान करें।

तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी ने अपील की कि होली का पर्व शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि होली के दौरान किसी प्रकार का दंगा-फसाद न हो तथा शराब सेवन कर सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि होली के साथ-साथ ईसाई समुदाय का लेंट और मुस्लिम समाज का पवित्र महीना रमजान भी चल रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी समुदायों से आपसी सम्मान और सौहार्द बनाए रखने एवं पुरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्रवासियां, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों से सहयोग की अपील की।

बैठक में पुलिस मितान ,सरपंच गण ,कोटवार गण , स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया । इस दौरान होली पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं आपसी समन्वय जैसे मुद्दों पर चर्चा किया गया ।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार सुशासन की सरकार : गजेन्द्र यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं वृहद किसान सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए और कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक किसानों को 10.324 करोड़ रूपए की राशि उनके खाते में अंतरित की। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी कार्य विभाग मंत्री श्री गजेन्द्र यादव आज गांधी सभागार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं वृहद किसान सम्मेलन में शामिल हुए। जिले के 124101 किसानों को 454 करोड़ 12 लाख रूपए से अधिक की राशि का भुगतान किया गया। जिससे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान जुड़े रहे। जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा होली त्योहार के अवसर पर कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों को 10.324 करोड़ रूपए की राशि उनके खाते में अंतरित की जा रही है। जिसमें राजनांदगांव जिले के 124101 किसानों को 454 करोड़ 12 लाख रूपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने होली के पर्व पर सभी किसानों को राशि प्राप्त होने पर बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार बनते ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया और कृषकों के हित में निर्णय लेते हुए किसानों को दो साल के बकाया बोनस लगभग 14 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया।

# शिवध्वज है आध्यात्मिक जागरण, विश्व कल्याण और शांति का प्रतीकः राजयोगिनी बी.के. सरिता दीदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



नगरी 1 मार्च। ग्राम बिरगुड़ी स्थित प्रभु स्मृति भवन में ब्रह्माकुमारीज के तत्वावधान में शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री महेश गोटा थे। विशिष्ट अतिथियों में उपसरपंच श्री अकबर कश्यप, राधेश्याम लाल नाग, नरेंद्र कश्यप, देव पुजारी यशवंत नाग, बुधार लाल ध्रुव, रूप लाल नाग सहित ब्रह्माकुमारी भावना बहन एवं फुलेश्वरी बहन शामिल रहे। सभी अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ शिव ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बी.के. सरिता, मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारीज जिला धमतरी, ने अपने दिव्य उद्बोधन में कहा कि शिव ध्वज आध्यात्मिक जागरण, शांति और विश्व कल्याण का प्रतीक है। उन्होंने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिव निराकार ज्योति बिंदु परमपिता परमात्मा हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। ÷रात्रि÷ अज्ञान का प्रतीक है और महाशिवरात्रि का वास्तविक अर्थ अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ना है। मुख्य अतिथि श्री महेश गोटा ने कहा कि शिव ध्वज शांति, पवित्रता, सद्भावना और नैतिक मूल्यों का संदेश देता है। आज के परिवेश में समाज को आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक सोच की आवश्यकता है, जिसे ब्रह्माकुमारी संस्था प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचा रही है। वहीं उपसरपंच श्री अकबर कश्यप ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम के दौरान शिवमयी नृत्य प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित जनों को ईश्वरीय प्रसाद वितरित किया गया। दीदी जी ने सभी को केंद्र पर नियमित रूप से आकर ईश्वरीय ज्ञान सुनने एवं राजयोग ध्यान सीखने का स्नेहिल आमंत्रण भी दिया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2518/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा नेवरा दिनांक 27/02/26**

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धनेश कुमार वर्मा पिता श्री संतराम वर्मा वार्ड कं. 07 मोहभट्टा पारा वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री संतराम वर्मा पिता श्री डेरहा राम वर्मा वार्ड क्रं. 07 मोहभट्टा पारा वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 07 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति - पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

(मुहर) **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2517/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा नेवरा दिनांक 27/02/26**

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती दुर्गा जायसवाल पति श्री भरत लाल जायसवाल वार्ड क्रं. 11 गोवर्धन नगर वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती राजमति जायसवाल पति श्री आजूराम जायसवाल वार्ड क्रं. 11 गोवर्धन नगर वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का वसीयत नामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 11 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

(मुहर) **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2513/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा नेवरा दिनांक 27/02/26**

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शालिनी कोटवानी पति श्री राजेश कुमार कोटवानी वार्ड क्रं. 16 पं. दीनदयाल वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री आशुतोष तिवारी पिता डॉ. एम.डी. तिवारी वार्ड क्रं. 17 बाल गंगाधर तिलक वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का भूमि रजिस्ट्री पंजीयन एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 16 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

(मुहर) **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2520/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा नेवरा दिनांक 27/02/26**


**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शैलेश कुमार साहू पिता श्री बलभद्र बनोदे वार्ड क्रं. 16 पं. दीनदयाल वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती शशी बाई पति श्री बलभद्र बनोदे वार्ड क्रं. 16 पं. दीनदयाल वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमति पत्र, शपथ पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 16 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

(मुहर) **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**




# एक तुम हो कि शोहरत की हवस ही नहीं जाती...? एक हम हैं कि हरेक शोर से उकताये हुए हैं...?

यह सिर्फ तुलना नहीं है, यह सत्ता के चरित्र का एक्स-रे है।सन 1967 में भुवनेश्वर में पीएम इंदिरा गांधी पर भीड़ से पथराव हुआ, उनकी नाक टूट गई। एक महिला थीं, दर्द असली था। ख़तरा वास्तविक था। लेकिन उन्होंने सभास्थल नहीं छोड़ा। न डर का प्रदर्शन किया, न भीड़ को राष्ट्रद्रोही कहा, न लोकतंत्र को सुरक्षा के बहाने गिरवी रखा।आज पीएम एक किताब के पन्ने और कुछ खुलासों से घबरा कर संसद नहीं आये....।देश के लोकसभा अध्यक्ष खुले आम कहते हैँ कि पीएम इसलिए नहीं आए क्योंकि विरोधी उनकी जान ले सकते है, यह लोकतंत्र की हत्या नहीं तो क्या है?2009 में अहमदा बाद में डॉ मनमोहन सिंह पर जूता फेंका गया, वह उनके कान के पास से गया। यह एक गंभीर सुरक्षा चूक थी। तब गुजरात के सीएम नरेंद्र मोदी थे। लेकिन मनमोहन सिंह ने आरोपङ्कप्रत्यारोप नहीं किए, न किसी को साज़िश कर्ता कहा, न राजनीतिक रुदन किया। क्योंकि गली- छाप राजनीति नहीं, राज नीतिक मर्यादा जानते थे।पहले के पीएम स्टेट्समेन होते थे, संजीदा, गंभीर, आत्म विश्वासी।अब तो ड्रामेबाज़, नौटंकीबाज़, डर को हथियार बनाने का चलन शुरू हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी को देश को जवाब देना होगा, संसद भवन में ही पीएम सुरक्षित महसूस नहीं करते, तो देश का आम नागरिक खुद को कैसे सुरक्षित माने...? एक महिला इंदिरा टूटी हुई नाक लेकर नहीं भागीऔर तथा कथित 56 इंची व्यक्ति है, जो डर के चलते लोस में ही नहीं आये...? कहीं एप्सटीन की फ़ाइलें और एक पूर्व लेफ्टि नेंट जनरल की किताब उसकी पोल न खोल दे..?लोकतंत्र बहादुरी से चलता है, बहानों से नहीं।नेतृत्व साहस से पहचाना जाता है, डर की पटकथाओं से नही.....!

### छत्तीसगढ़ बजट .5, 700 करोड़ से 1.72 लाख करोड़...

छत्तीसगढ़ में 5 वित्त मंत्री, 4 दौर और1.72 लाख करोड़ के बजट तक पहुंचने की कहानी...।हिसाब-ए-दौर बदलता रहा, पर सवाल वही रहा, खजाना कितना बढ़ाञ्और जेब में आया क्या...? छत्तीसगढ़ का बजट केवल आय-व्यय का बहीखाता नहीं, बल्कि 25 सालों की राजनीतिक सोच, प्रतीकों, प्राथमिकताओं की कहानी है। साल 2000 में राज्य गठन के समय बजट लगभग 5, 700 करोड़ ? था। साल 2025 -26 में यह बजट 1 लाख 65 हजार करोड़ तक पहुंचा। आज वही बजट 25 गुना बढ़कर 1करोड़ 72 लाख करोड़ ? की दहलीज तक पहुंच की गया है।छ्ग का यह 26वां बजट था। पहला बजट राजकुमार कॉलेज के टेंट में पेश किया गया था। वित्तमंत्री रहे रामचंद्र सिंहदेव ने उंगलियों पर खर्च गिनाया था। वहीं रमन कार्यकाल में बगावत करने पर अमर अग्र वाल को वित्तमंत्री की कुर्सी गंवानी पड़ गई थी, भूपेश कार्यकाल की बात करें तो पहली बार गोबर से बने ब्रीफ केस से बजट पेश किया गया था, जबकि ओपी चौधरी ने ढोकरा शिल्प से बने ब्रीफक्केस से ज्ञान थीम पर पहली बार डिजिटल बजट पेश किया था। 2001 में वित्त मंत्री रामचंद्र सिंहदेव ने राजकुमार कॉलेज ग्राउंड में टेंट में बजट पेश किया था। सिंहदेव इतने सख्त थे कि हर खर्चे के प्रस्ताव पर आपत्ति की उंगली रख देते थे। सरकारी खजाने से पैसा निकलवाना बहुत मुश्किल था। हां यह अलग विषय था कि उनका हर फैसला राज्य के हित में होता था। वे सरकारी कोष का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं कर सकते थे। बताया जाता है, सिंहदेव के इस रवैये के चलते जोगी सरकार में भी टकराव की स्थिति आई थी। कई विवाद भी उठे थे।जोगी सर कार की विदाई के बाद डॉ रमनसिंह सीएम बने और वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी अमर अग्रवाल को सौंपी गई। साल 2006 में राजनीतिक परिस्थितियों ने करवट ली।भाजपा के 12 विधायकों ने रमन सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला। वे लोग दिल्ली जाकर केंद्रीय नेतृत्व के सामने अपनी शिकायत भी कर आए थे। इनमें ननकीराम कंवर और अमर अग्रवाल शामिल थे। विवाद शांत हुआ, लेकिन बागी विधायकों पर कार्रवाई हो गई।अमर अग्रवाल से वित्त विभाग वापस ले लिया गया। इसके बाद सीएम डॉ. रमन सिंह ने 12 बार बजट प्रस्तुत किया, जो एक रिकॉर्ड है। इसी अवधि में प्रति व्यक्ति आय में 4 बार 20त्न से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। बजट का आकार बढ़ा, आम लोगों की आय में भी सुधार दिखाई दिया।हालांकि रमन सिंह के कार्यकाल के बाद प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर घटकर लगभग 10-11त्न रह गई। बजट लगातार बढ़ता रहा, लेकिन आय वृद्धि की गति कुछ धीमी पड़ गई, 15 साल बाद 2018 में सत्ता पर कांग्रेस लौटी थी। इस दौरान छत्तीसगढ़िया वाद को खूब भुनाया। भूपेश बघेल ने प्रदेश में गोबर खरीदी शुरू की। इसी तर्ज पर साल 2022 में सीएम भूपेश बघेल ने गोबर से बने ब्रीफक्केस में बजट पेश कर सबका ध्यान आकर्षित किया।यह प्रस्तुति छ्ग की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनी। गोकुल धाम गौठान में निर्मित यह ब्रीफकेस संदेश देता था, अपनी परंपरा को आर्थिक नीति से जोड़ रहा है।भूपेश के बाद विष्णुदेव की सरकार बनी, 17 सालों बाद राज्य को स्वतंत्र वित्त मंत्री के रूप में ओपी चौधरी मिले। ओपी चौधरी ने पहली बार जो ब्रीफक्केस लेकर सदन में पहुंचे थे, ब्लैक कलर के ब्रीफक्केस के फ्रंट पर आदिम जनजाति कला की प्रसिद्ध पहचान 'ढोकरा शिल्प' की झलक थी।पहली बार उन्होंने सदन में डिजिटल बजट पेश किया।पहला बजट 'ज्ञान'-गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर केंद्रित रहा। दूसरा बजट 'गति' की रण नीति पर आधारित था। अब तीसरा बजट सुशासन, अधोसंरचना, तकनीक और इन्फ्रास्ट्रचर डेवलपमेंट पर केंद्रित है।








### 25 सालों में 25 गुना विस्तार

राज्य का बजट 5,700 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.72 लाख करोड़ से ज्यादा हो चुका है। 25 सालों में 25 गुना बढ़ गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 1 लाख 62 हजार 870 रुपए है, जो प्रतिदिन लगभग 446 रुपए के बराबर है।छत्तीसगढ़ के बजट की 25 वर्षों की यात्रा में हर सरकार ने अपनी अलग प्राथमिकताएं तय कीं, वित्तीय अनुशासन, सांस्कृतिक अस्मिता, तकनीकी नवाचार। अब जब राज्य करीब 2 लाख करोड़ रुपए की दहलीज पर है, तो असली कसौटी यही है कि क्या यह बढ़ती राशि आम नागरिक के जीवन में उतना ही प्रभावी बदलाव ला पाएगी, जितनी तेजी से बजट आकार बढ़ा है...?

### पति छग के सीएस, पत्नी नीति आयोग की सीईओ......

छत्तीसगढ़ की सीनियर आईएएस अधिकारी निधि छिब्बर एक बार फिर सुर्खियों में हैं, उन्हें नीति आयोग के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें छग काडर के आईएएस बी वीआर सुब्रह्मण्यम के तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने के बाद अंतरिम रूप से दी गई है।डिपार्टमेंट ऑफपर्सनल एंड ट्रेनिंग (डीओपी टी) के आधिकारिक आदेश के अनुसार, नियमित नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। यहां यह बताना भी जरुरी है निधि छिब्बर के पति आईएएस विकासशील छग के मुख्य सचिव है।

### और अब बस.......

» पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्र को छत्तीसगढ़ नीति आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है।इसके पहले इस पद पर सीएस सुनील कुमार, अभिताभ जैन रह चुके हैं।

» जेल से जमानत पर छूटे क़वासी लखमा की भाजपा से निकटता को लेकर तरह की चर्चा हो रही है?

» बस्तर को कारपोरेट सेक्टर को सौंपने के कांग्रेसी आरोप को सीएम विष्णुदेव ने नकार दिया है।

» महतारी वंदन योजना, छ्ग सरकार के स्थापना व्यय, किसानों से धान खरीदी के बाद छ्ग में विकास के लिये क्या बचेगा...?

## एक नजर

### आकांक्षा साहू को पीएचडी



रायपुर, 1 मार्च। सुश्री आकांक्षा साहू को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा पी.एच.डी. (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की गई हैं। विश्वविद्यालय में आयोजित पी.एच.डी. वायवा में बाह्य परीक्षक के रूप मे प्रो. मोहन काशीकर आर.टी.एम. नागपुर विश्वविद्यालय से थे। शोध का विषय छत्तीसगढ शासन की नरवा, गरूवा, घुरूवा, और बाड़ी योजना का राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में योगदान का एक अध्ययन (दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में) था।उनके शोध निर्देशक डॉ.डी.एन. सूर्यवंशी थे। शोध केंद्र निर्देशक डॉ. प्रामोद यादव विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग सुराना महाविद्यालय हैं।

### नहरपारा में नि:शुल्क गुलाल वितरण



रायपुर, 1 मार्च। नहरपारा विकास समिति एवं पूज्य सिंधी पंचायत नाहरपारा द्वारा नि:शुल्क गुलाल वितरण किया गया इस अवसर पर पुर्व पार्षद रमेश आहूजा मुखी हरनाम तलरेजा नरेश संतवानी, अमर वलेचा एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### महेश्वर अग्रवाल को श्रद्धांजलि

रायपुर, 1 मार्च। इंजीनियर पब्लिक वेलफेयर एसोसिएशन ने स्वर्गीय इंजीनियर महेश्वर कुमार अग्रवाल, सेवानिवृत्ति कार्यपालन अभियंता सी एस आई डी सी को सिंचाई विभाग के डाटा सेंटर में शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनके द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण कामों को याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा में अध्यक्ष पी. एन. सिंह, सचिव पी. के. खरे, संस्था के सदस्य इंजीनियर अनिल तिवारी के अलावा संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### होली पर कई तरह की पिचकारियां

रायपुर, 1 मार्च। ग्राहकों के होली मनाने के अंदाज को ध्यान में रखते हुए स्टोर में स्किन–फ्रेंडली हर्बल गुलाल, फेस्टिव स्वीट्स, पिचकारी, पार्टी–रेडी आउटफिट्स, वॉटरप्रूफमेकअप, पोर्टेबल स्पीकर्स, स्मार्ट डिवाइसेज और अन्य चीजें उपलब्ध कराई गई हैं। अमेजन एआई–पावर्ड टूल्स से होली की खरीदारी को सुगम बना रहा है। अमेजन के एआई–पावर्ड शॉपिंग असिस्टेंट रुफ्स के साथ, ग्राहक प्रोडक्ट्स खोज सकते हैं और पर्सनलाइज़्ड रिकमेन्डेशन पा सकते हैं, जिससे उनका खरीदारी का अनुभव ज्यादा व्यक्तिगत और सुविधाजनक हो जाता है।

### गुरुपंच, कुलदीप व पटेल को शिक्षा रत्न अवार्ड



रायपुर, 1 मार्च। समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष नागेंद्र तिवारी के साथ हेमचंद्र यादव विश्वविद्यालय दुर्ग जाकर डॉ कुबेर गुरुपंच, डॉ भूपेंद्र कुलदीप आलेख पटेल को शिक्षा रत्न अवार्ड और डॉ शोभा अग्रवाल को डॉ अब्दुल कलाम आज़ाद अवार्ड भेंट किया गया। डॉ कुबेर और डॉ भूपेंद्र कुलदीप बहुत ही सहज सरल व्यवहार कुशल परम् स्नेहिल व्यक्ति हैं।

## अर्पण पब्लिक स्कूल में मनाई गई हर्बल होली



रायपुर, 1 मार्च। राजधानी के न्यू राजेन्द्र नगर स्थित विशेष बच्चों के विद्यालय अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में गुलाब एवं गेंदा फूल की पंखुड़ियों तथा हर्बल गुलाल से हर्बल होली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अंकिता वर्मा द्वारा बच्चों के साथ प्री-होली मिलन समारोह मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान अंकिता वर्मा ने बच्चों के साथ साइन लैंग्वेज सीखी तथा उनसे संवाद भी किया। बच्चों ने साइन लैंग्वेज के माध्यम से राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु एवं राष्ट्रीय फ्ल की जानकारी प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा।

इस अवसर पर अंकिता वर्मा ने कहा कि आप सभी बच्चों को प्रकृति ने विशेष क्षमता से नवाजा है, यही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। इन क्षमताओं को निखारने में अर्पण पब्लिक स्कूल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं आप सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देती हूं और कामना करती हूं कि प्रकृति आपके जीवन को खुशियों के रंगों से भर दे। नगर निगम के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि इन बच्चों की सेवा ही ईश्वर की सेवा हे। ये बच्चे भले ही बोल और सुन नहीं सकते, लेकिन उनका मस्तिष्क बेहद तेज है। इनकी प्रतिभा को निखारने विद्यालय प्रशिक्षण देने का भी काम कर रहा है। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने एक-दूसरे को फूलों एवं हर्बल गुलाल से रंग लगाकर होली खेली और उल्लासपूर्वक त्योहार मनाया।

होली उत्सव के पश्चात सभी बच्चों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। अंकिता वर्मा ने स्वयं बच्चों को इडली-सांभर, नारियल चटनी एवं मिठाई परोसी तथा बच्चों के साथ कतार में बैठकर भोजन भी किया। इस आत्मीय पहल से बच्चों में विशेष उत्साह एवं अपनत्व की भावना देखने को मिली। इस अवसर पर रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय की प्राचार्य कमलेश एवं कोआर्डिनेटर सीमा छाबड़ा सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्राकृतिक रंगों के माध्यम से सुरक्षित एवं पर्यावरण-संवेदनशील तरीके से होली मनाने का संदेश देना रहा।

## महिलाओं ने खेली फूलों की होली



रायपुर, 1 मार्च। सामाजिक संस्था सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद द्वारा आम बगीचा सुंदर नगर में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने फूलों की होली खेल छत्तीसगढ़ का पारंपरिक व्यंजनों का लुप्त उठाया। अध्यक्ष दीप्ति दुबे ने कहा कि संस्था द्वारा हर वर्ष होली मिलन का कार्यक्रम रखा जाता है जिसमें नगाड़े के साथ फाग गीतों का आनंद लिया जाता जो हमारी संस्कृति की पहचान है।उन्होंने बताया कि समिति के सदस्य पारंपरिक व्यंजन अरसा, सलोनी, कड़ी लड्डू, नमकीन आदि घरों से बना कर लाते है जिसमें मिठास के साथ अपनी संस्कृति की झलक दिखलाई देता है। कार्यक्रम में महिला सदस्यों ने नगाड़ा बजा फाग गीत गाकर अपनी छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर दीप्ति दुबे, सुभाष तिवारी, मोना, शैलेन्द्र, मानस ठाकुर, नीलिमा, रजनी, प्रीति, पुनेश्वरी, रवींद्र बघेल, पार्षद जयश्री नायक, पार्षद रेणु साहू, गायत्री चंद्राकर, राधिका राव, आदि संस्था के सदस्य मौजूद थे।

## PICTURE-स्टोरी




रायपुर, 1 मार्च। रंगों के पर्व होली के लिए राजधानी में दुकानें सज गई हैं।

## देश के व्यापार को मिलेगा वैश्विक मंच

रायपुर, 1 मार्च। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि देश के व्यापारिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहे भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के आयोजन को लेकर इसकी बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। बैठक में महोत्सव की व्यापक रूपरेखा, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता तथा स्वदेशी उत्पादों और एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया, राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खण्डेलवाल एवं राष्ट्रीय चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह भव्य महोत्सव कैट के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विज़न से प्रेरित है। बैठक में बताया गया कि यह आयोजन मेड इन इंडिया, मेक फॉर इंडिया, मेकर फॉर द वर्ल्ड की भावना को साकार करने वाला देश का सबसे बड़ा व्यापारिक एक्सपो होगा। बैठक में छत्तीसगढ़ से अमर पारवानी, राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन, कैट की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव देश के व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स और युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा तथा राज्यों के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

## डागा कालेज में विदाई समारोह पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



रायपुर, 1 मार्च। प्रमीला गोकुलदास कन्या महाविद्यालय, कचहरी चौक रायपुर में बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. एवं बी.सी.ए. अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह (फेयरवेल पार्टी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता घई ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि महाविद्यालय में अर्जित ज्ञान और संस्कार उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें गेम्स, चेयर बलून, पीक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं रैंप वॉक विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों में भाग लिया और समारोह को यादगार बनाया।

## कृषकों को आदान सहायता राशि प्रदान




रायपुर, 1 मार्च। नगर बेरला स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत बेमेतरा की अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर बताया गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप किसानों को धान के मूल्य के अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त प्रदान करने का संकल्प पूरा किया गया है। 28 फरवरी को राशि जारी होते ही प्रदेश के लाखों किसानों के खातों में सीधे सहायता राशि पहुँचने लगी, जिससे किसानों में उत्साह और संतोष का वातावरण देखा गया अधिकारियों ने जानकारी दी कि खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में राज्य के लगभग 24 लाख 28 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर 141 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। किसानों को उनके धान का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से भुगतान किया जा रहा है, जो देश में सर्वाधिक बताया जा रहा है।

## सदस्यता अभियान को व्यापारियों का समर्थन



रायपुर, 1 मार्च। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के कुशल नेतृत्व में संगठन का विस्तार नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में चेम्बर का प्रतिनिधिमंडल सदस्यता अभियान के तहत धमतरी पहुँचा। धमतरी आगमन पर इकाई अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रतिनिधिमंडल का भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान धमतरी के व्यापारियों में भारी उत्साह देखा गया। चेम्बर इकाईयों का गठन जहाँ भी हो रहा है, नए सदस्य निरंतर जुड़ते जा रहे हैं, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि प्रदेश के व्यापारियों का प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व पर गहरा और अटूट विश्वास है। सदस्यता अभियान की सफलता को रेखांकित करते हुए धमतरी जिला उपाध्यक्ष- दिनेश (राजा) रोहरा ने नए बनाए गए सदस्यों की विस्तृत सूची प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया को सौंपी। थौरानी के नेतृत्व में संगठन लगातार अपनी जड़ें मजबूत कर रहा है और व्यापारी वर्ग एक मजबूत मंच के रूप में चेम्बर के साथ खड़ा है। प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया ने कहा कि धमतरी इकाई द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान अत्यंत सराहनीय है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26